उज्जैन
शनिवार
22
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-289
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ जीतू-पटवारी के भाई के फोन में मिली सटोरियों की आईडी

7 ▸ क्या अब मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेगी टीम इंडिया

## फार्मा यूनिट में रिएक्टर ब्लास्ट, 2 कर्मचारियों की मौत, 9 घायल

**भुवनगिरी।** तेलंगाना के यादाद्रि भुवनगिरी जिले की एक फार्मा कंपनी में शुक्रवार देर रात रिएक्टर ब्लास्ट हो गया। हादसे के बाद यूनिट में आग लग गई। पुलिस के मुताबिक, हादसा कर्मचारियों की शिफ्ट बदलने के दौरान हुआ। इसमें दो कर्मचारियों की मौत हो गई। हादसे में नौ लोग घायल हुए हैं। इनमें दो की हालत गंभीर है और वे 50% से ज्यादा झुलसे हैं, जबकि 7 को मामूली चोटें आई हैं। सभी घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारी ने बताया कि घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। बाद में फायर डिपार्टमेंट ने आग बुझा दी। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

## कनाडा में 2 गुरुद्वारों को गिराने की धमकी, एक ही नंबर से 2 बार धमकी भरी कॉल आई

**पठानकोट।** कनाडा के कैलगरी स्थित प्रमुख सिख धार्मिक स्थल दशमेश कल्चर सेंटर को अज्ञात लोगों ने इमारत गिराने की धमकी दी है। लगातार आ रहे इन नस्ली और धमकी भरे फोन कॉल्स के बाद गुरुद्वारा प्रबंधन, स्थानीय प्रशासन और पुलिस की चिंता बढ़ गई है। एहतियात के तौर पर गुरुद्वारा साहिब परिसर में अतिरिक्त सुरक्षा गार्ड तैनात कर दिए गए हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, उसी नंबर से कनाडा के ही सवाना स्थित गोबिंद सरवर गुरुद्वारा साहिब को भी इसी तरह की धमकी मिली है। मामले की शिकायत मिलने के बाद कैलगरी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और समुदाय या दोनों में से किसी भी गुरुद्वारा साहिब को किसी सक्रिय खतरे की संभावना नहीं है।

## यूएन में चीफ गुटेरेस की जगह किसे मिलेगी, आज दूसरे दौर की वोटिंग

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र के मौजूदा महासचिव एंतोनियो गुटेरेस का दूसरा पांच साल का कार्यकाल 31 दिसंबर 2026 को खत्म होगा। उनके बाद अगला महासचिव चुनने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस पद के लिए इस समय 8 उम्मीदवार मैदान में हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 मेंबर सीक्रेट वोटिंग के जरिए इन उम्मीदवारों के समर्थन का अंदाजा लगा रहे हैं। पिछले महीने हुए पहले अनौपचारिक मतदान में कोस्टा रिका की रेबेका ग्रिन्सपैन सबसे आगे रहीं। आज शुक्रवार को दूसरे दौर का अनौपचारिक मतदान होगा। इसके बाद भी कई अनौपचारिक पोल हो सकते हैं, जिनमें धीरे-धीरे उम्मीदवारों की संख्या कम होगी। अक्टूबर में औपचारिक चुनाव हो सकते हैं।

## 22 दोषियों को मृत्युदंड सुनाने वाले जज की अदालत से 97 गंभीर मामले हटे

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर की न्यायिक व्यवस्था में एक प्रशासनिक बदलाव ने गंभीर आपराधिक मामलों की सुनवाई को लेकर नई चर्चा छेड़ दी है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर की अदालत में लंबित हत्या और अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े 97 मामलों को प्रशासनिक आदेश के जरिए वापस ले लिया गया है। इन मामलों में ऐसे अपराध भी शामिल हैं, जिनमें कानून के तहत आजीवन कारावास से लेकर मृत्युदंड तक का प्रावधान है। अब इन मामलों की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार सिंह की अदालत में होगी। यह बदलाव ऐसे समय में हुआ है जब न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर की अदालत पिछले कुछ महीनों में सुनाए गए बड़ी संख्या में मृत्युदंड के फैसलों के कारण देशभर में चर्चा में रही है।

## होर्मुज पर जल्द अमेरिका का फुल कंट्रोल होगा, ईरान की नेवी और एयरफोर्स खत्म

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिका जल्द ही होर्मुज स्ट्रेट पर पूरी तरह कंट्रोल कर लेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हमलों में ईरान की नेवी, एयरफोर्स और मिलिट्री लीडरशिप को बहुत नुकसान हुआ है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने दावा किया कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई करना जरूरी था। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर भविष्य में ईरान की ओर से फिर ऐसा खतरा पैदा हुआ, तो अमेरिका फिर से कड़े कदम उठाएगा। ट्रम्प ने कहा कि ईरान के कई बड़े नेता अब नहीं रहे। इसके चलते नए समझौते पर बातचीत मुश्किल हो गई है। फिलहाल यह भी साफ नहीं है कि ईरान में फैसले कौन ले रहा है।

## सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी की दिवालिया याचिका मंजूर

**बीजिंग।** 2018 में ब्रांड वैल्यू के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी बनी चीन की एवरग्रैंड की दिवालिया याचिका कोर्ट ने मंजूर कर ली है। इससे पहले गुरुवार को धोखाधड़ी के मामले में कंपनी के फाउंडर हुई का यान को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। कंपनी पर करीब 28 लाख करोड़ का कर्ज था। एवरग्रैंड के फाउंडर हुई का यान की कहानी गांव के एक गरीब लड़के के शहरी सपनों का सौदागर बनकर चीन का सबसे अमीर आदमी बनने की है। उसने 'एवरग्रैंड' नाम का एक ऐसा विशाल साम्राज्य खड़ा किया, जो गगनचुंबी इमारतें बनाता था, फुटबॉल क्लब खरीदता था।

### पुणे के सीओईपी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी परिसर में राहुल गांधी के कार्यक्रम से पहले सियासी टकराव

# एनएसयूआई-एबीवीपी कार्यकर्ताओं में झड़प, भारी पुलिस बल तैनात

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुणे**



पुणे के सीओईपी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी परिसर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रस्तावित छात्र कार्यक्रम से पहले एबीवीपी और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के बीच विवाद बढ़ गया। दोनों संगठनों ने एक-दूसरे पर छात्राओं को प्रभावित करने और दबाव बनाने के आरोप लगाए।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम से पहले शुक्रवार को पुणे के सीओईपी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के हॉस्टल परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के सदस्यों के बीच झड़प हो गई। घटना के बाद परिसर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। एबीवीपी के सदस्यों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ता कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पुणे की छात्राओं पर शनिवार को होने वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कराने का दबाव बना रहे थे। वहीं, कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम के समर्थन में बोलने वाली दो छात्राओं को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने हॉस्टल के अंदर रोक लिया और उन्हें धमकी दी।

### कांग्रेस ने लगाए क्या आरोप?

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय वडेट्टीवार ने घटना के बाद हॉस्टल का दौरा किया। उन्होंने दावा किया कि एबीवीपी कार्यकर्ता दोनों छात्राओं को धमका रहे थे। महाराष्ट्र प्रदेश यूथ कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष अक्षय जैन ने घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि दोनों छात्राओं ने अपनी छात्रवृत्ति से जुड़ी समस्याएं उठाई थीं और 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का समर्थन किया था। हालांकि, एबीवीपी के प्रदेश मंत्री अथर्व कुलकर्णी ने आरोप लगाया कि एनएसयूआई के कार्यकर्ता हॉस्टल परिसर में प्रवेश कर रहे थे और छात्राओं पर शनिवार के कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कराने का दबाव बना रहे थे।

### पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया

पुणे के डीसीपी हसन गौहर ने कहा, हमें दो गुटों के बीच झड़प की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर हमने कुछ लोगों को नारे लगाते और सड़क जाम करने की कोशिश करते हुए पाया; उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। आगे की जांच जारी है।

### बच्चे के जन्म के कार्यक्रम में ऑर्केस्ट्रा चल रही थी

# घर में बस घुसी, 5 लोगों को कूचला

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेतिया**

बेतिया में हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। लौरिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार बस सड़क किनारे चल रहे ऑर्केस्ट्रा प्रोग्राम में जा घुसी। वहां मौजूद लोगों को रौंद दिया। हादसे में 12 से अधिक लोग घायल हो गए।

घटना बेतिया-लौरिया मुख्य मार्ग पर पराउ टोला बनकटवा के पास हुई। मृतकों की पहचान लौरिया थाना क्षेत्र के बनकटवा निवासी बहादुर महतो, संजय कुमार, भोला दुबे, देवेंद्र दुबे और छांगुर राम के रूप में हुई है। देवेंद्र दुबे के बच्चे की छठी थी, उसी कार्यक्रम में डांस हो रहा था। जहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

मृतकों में बच्चे के पिता देवेंद्र दुबे भी शामिल हैं। घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

### ट्रक से बचने के दौरान हादसा

- शुक्रवार की रात गोरखपुर से बेतिया की ओर यात्री बस आ रही थी। बगहा-लौरिया मेन रोड पर सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक से टक्कर से बचने की कोशिश में बस अनियंत्रित हुई। इसी दौरान सड़क किनारे आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में बस घुस गई।
- वहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, जिसे बस से रौंद दिया। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया।
- स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### घायलों का चल रहा इलाज

हादसे की सूचना मिलते ही लौरिया थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से घायलों को बेतिया जीएमसीएच भेजा, जहां सभी का इलाज चल रहा है। घायलों में विनय कुमार यादव, श्याम बाबू, मोती चंद्र महतो, और नरेश राम समेत अन्य लोग शामिल बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क गया और लोगों ने बस और ट्रक में तोड़फोड़ शुरू कर दी। साथ ही ऑर्केस्ट्रा में लगी कुर्सियों और स्पीकर को भी तोड़ा।

## 21 भारतीयों वाले जहाज पर ईरानी हमले का वीडियो

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

होर्मुज स्ट्रेट में 21 भारतीय नाविकों वाले एक कंटेनर जहाज पर ईरानी नौकाओं ने फायरिंग की थी। यह घटना 22 अप्रैल को हुई थी। भारतीय नाविकों के संगठन ने अब इस घटना का वीडियो जारी किया है।

वीडियो में ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स से जुड़ी नौकाओं को जहाज के आसपास देखा जा सकता है। जहाज पर फायरिंग के बाद शीशे टूटे और सामान बिखरा दिखाई देता है। एक जगह रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड दागे जाने का सीन भी दिखता है।

### मिर्जापुर में कुत्ते के काटने से भौंकने लगा लड़का

## डॉक्टर ने कहा था- कालकोठरी में छोड़ दीजिए, 22 दिन में ठीक हुआ

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ**

16 मार्च को मिर्जापुर से 15 साल के एक लड़के का वीडियो सामने आया। लड़का कुत्ते की तरह भौंक रहा था। लगातार लार टपक रही थी। पानी तक नहीं पी पा रहा था। यह सब इसलिए हो रहा था, क्योंकि लड़के को दिसंबर में एक कुत्ते ने काटा था। तब उसने रेबीज के इंजेक्शन नहीं लगवाए थे।

डॉक्टर ने कह दिया- इसे कालकोठरी में बंद कर दो, 3-4 दिन में खत्म हो जाएगा। अपाहिज पिता यह सुनकर हिम्मत हार बैठे। इस घटना को 4 महीने बीत चुके हैं। अब करन पूरी तरह से स्वस्थ्य है, स्कूल पढ़ने जाता है। रेबीज की लास्ट स्टेज को मात देकर जिंदा बचने की यह यूपी की पहली घटना मानी जा रही है।

करन बीएचयू पहुंचने पर भी भौंक रहा था। कुछ बोल नहीं पा रहा था। हालांकि, वह सब समझ रहा था। करन बताता है, डॉक्टर बोले कि अब ये नहीं बचेगा। इसे ले जाकर किसी अंधेरी कोठरी में बंद कर दीजिए। अकेले में रखिए, किसी को छूने मत दीजिए। 3-4 दिन में यह खत्म हो जाएगा। डॉक्टरों ने यह सब इसलिए कहा क्योंकि करन उस वक्त काटने दौड़ रहा था। वह रेबीज संक्रमण की लास्ट स्टेज पर था।

## पान मसाला कारोबार में 185 करोड़ की टैक्स चोरी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ**

डीजीजीआई की लखनऊ इकाई ने चित्रकूट और बांदा में पान मसाला, जर्दा और गुटखा के अवैध कारोबार का खुलासा किया। छापेमारी में बड़ी मात्रा में तैयार पाउच, कच्चा माल और मशीनें बरामद हुईं। जांच में करीब 185 करोड़ रुपये की कर-उपकर चोरी सामने आई। मामले में एक कारोबारी गिरफ्तार हुआ है। जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) की लखनऊ क्षेत्रीय इकाई ने चित्रकूट और बांदा में पान मसाला, सुगंधित जर्दा और गुटखा के अवैध उत्पादन व कर चोरी से जुड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। करीब 185 करोड़ रुपये की कर-उपकर चोरी सामने आई। 18 अगस्त की आधी रात छह परिसरों में हुई तलाशी में 27 अघोषित पाउच-पैकिंग मशीनें जब्त की गईं। इनमें सुगंधित जर्दा की छह, पान मसाला की नौ और दोहरा/देसी गुटखा की 12 मशीनें हैं। दोनों फर्मों में एक उत्पादन और दूसरी व्यापारिक गतिविधियों से जुड़ी थी।

## ट्रक से टकराई कार के परखच्चे उड़े, 3 की मौत, 8 गंभीर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुलताई**

बैतूल जिले के मुलताई फोरलेन पर जीतू ढाबे के पास एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। मौके पर ही पति-पत्नी सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा शनिवार तड़के 3:30 बजे का बताया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक, कार में सभी श्रद्धालु थे, जो नागपुर (महाराष्ट्र) के पास बुट्टी बोरी कोल माइंस एरिया के रहने वाले हैं। ये लोग सीहोर के कुबेरेश्वर धाम दर्शन करने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने आशंका जताई है कि झपकी आने के कारण कार ड्राइवर सड़क किनारे खड़ा ट्रक नहीं देख पाया होगा और हादसे का शिकार हो गया। हालांकि, सही वजह जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। अभी दो मृतकों की पहचान हुई है, जो पति-पत्नी हैं। इनके नाम 40 वर्षीय छाया और 42 वर्षीय दीपक हैं। तीसरी मृत महिला की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसे में कार ड्राइवर सौरभ समेत आठ लोग घायल हैं। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को मुलताई के सरकारी अस्पताल ले गई।

### नेशनल टीचर्स अवॉर्ड 2026 का ऐलान

## यूपी से तीन, मप्र-राजस्थान और बिहार से दो-दो टीचर्स, 5 सितंबर को राष्ट्रपति पुरस्कार देंगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को नेशनल टीचर्स अवॉर्ड 2026 का ऐलान किया। देशभर से 48 शिक्षकों को चुना गया है। इनमें केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, आदर्श जनजातीय स्कूल और पीएम श्री स्कूलों समेत कई संस्थानों के शिक्षक चुने गए हैं। 48 स्कूली शिक्षकों में से 26 पुरुष और 22 महिला टीचर हैं। उत्तर प्रदेश से तीन, बिहार और एमपी से दो-दो टीचर्स चुने गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 5 सितंबर को शिक्षकों को ये पुरस्कार देंगी। 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन-** मंत्रालय के अनुसार, 48 शिक्षकों का चयन स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने तीन चरणों में किया है। यह प्रक्रिया जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पूरी की गई। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कारों का उद्देश्य देश के कुछ बेहतरीन शिक्षकों के विशेष योगदान को सामने लाना है। इसके साथ ही उन शिक्षकों को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता और मेहनत से स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर की और छात्रों का जीवन समृद्ध बनाया।

### 1958 में शुरू हुआ था यह अवॉर्ड

- नेशनल टीचर्स अवॉर्ड की शुरुआत 1958 में हुई थी। इसका उद्देश्य बेहतरीन और समर्पित शिक्षकों को सार्वजनिक रूप से सम्मान देना और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को पहचानना था। यह अवॉर्ड किन टीचर्स को दिया जाता है-
- शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में उल्लेखनीय काम किया हो।
- अपने प्रयासों से छात्रों के सीखने और विकास में योगदान दिया हो।
- पढ़ाई में नए और प्रभावी तरीकों का इस्तेमाल किया हो।
- अपने काम से दूसरे शिक्षकों के लिए उदाहरण और प्रेरणा पेश की हो।

## मुंबई में 7 जगहों के फूड लाइसेंस सस्पेंड

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**

महाराष्ट्र में 19 और 20 अगस्त को खाद्य सुरक्षा को लेकर एफडीए ने विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान दूध-डेयरी उत्पादों, गुटखा-पान मसाला और दूसरे खाद्य पदार्थों की जांच की गई। छत्रपति संभाजीनगर के क्रांति चौक इलाके में गायत्री मेवाड प्राइवेट लिमिटेड होटल की जांच में रसोई में खराब पनीर, काला पड़ा तेल और खुले में रखा खाना मिला। मुंबई में 7 जगहों के फूड लाइसेंस सस्पेंड किए गए। इनमें कोलाबा का मेकडोल्ड बॉम्बे प्रेसीडेंसी रेडियो क्लब, मलाड का नोवारा, नरीमन पॉइंट का स्टेटस रेस्टोरेंट और खार जिमखाना शामिल हैं। गुटखा और पान मसाला के खिलाफ कार्रवाई में मुंबई की 3 दुकानें सील की गईं और 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### गूगल चीन में पिक्सल-फोन का प्रोडक्शन बंद कर सकती है

## भारत को एक्सपोर्ट हब बनाएगी : वैष्णव

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि गूगल एक्सपोर्ट के लिए पिक्सल फोन सहित अपने डिवाइसेस के प्रोडक्शन का एक बड़ा हिस्सा चीन से भारत शिफ्ट कर सकती है। इसके अलावा, अमेरिकी टेक कंपनी एपल से भी देश में आईफोन के अलावा अन्य प्रोडक्ट्स बनाने पर बातचीत चल रही है। वैष्णव ने बताया कि सरकार एपल के साथ लगातार संपर्क में है।

### चीन से पूरी तरह बोरिया-बिस्तर समेटेगी गूगल

गूगल ने 2023 में भारत में अपने 'पिक्सल 8' फोन की असेंबलिंग शुरू की थी। अब कंपनी भारत में बने फोन्स को दुनियाभर में एक्सपोर्ट करने की तैयारी में है। इसके लिए भारतीय कंपनी डिक्सन टेक्नोलॉजीज फोन असेंबल करने का काम कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गूगल साल 2027 तक चीन में अपना प्रोडक्शन पूरी तरह बंद कर सकती है। कंपनी अपने पिक्सल फोन, स्मार्टवॉच और वायरलेस ईयरबड्स का पूरा काम चीन से हटाकर भारत और वियतनाम में शिफ्ट करने की योजना बना रही है। हालांकि, गूगल ने अभी इसकी ऑफिशियल पुष्टि नहीं की है, लेकिन आईटी मंत्री का कहना है कि सरकार एपल के साथ-साथ गूगल से भी लगातार बातचीत कर रही है। सरकार को उम्मीद है कि दुनियाभर के बाजारों के लिए बनने वाले गूगल डिवाइसेज का एक बहुत बड़ा हिस्सा भारत में ही तैयार होगा।

### सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद

## मप्र के पूर्व पुलिसकर्मी को मिला वीरता पदक

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

करीब दो दशक पहले डकैत विरोधी अभियान में अदम्य साहस दिखाने वाले मध्य प्रदेश के पूर्व पुलिसकर्मी विवेक कुमार चौहान को आखिरकार वह सम्मान मिलने का रास्ता साफ हो गया, जिसका इंतजार उन्हें वर्षों से था। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वर्ष 2003 में डकैती विरोधी अभियान के दौरान दो डकैतों को मार गिराने की कार्रवाई के लिए चौहान को राष्ट्रपति वीरता पदक प्रदान करने की मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को केंद्र सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट को इस निर्णय की जानकारी दी गई।

मामला केवल एक वीरता पदक मिलने तक सीमित नहीं है। इसके पीछे एक पूर्व पुलिसकर्मी के उस लंबे संघर्ष की कहानी है, जिसमें एक ओर ड्यूटी के दौरान दिखाई गई बहादुरी थी तो दूसरी ओर उस बहादुरी को आधिकारिक सम्मान दिलाने के लिए वर्षों तक चली कानूनी लड़ाई। हाई कोर्ट के निर्देश के बावजूद पुरस्कार देने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ने पर मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा और वहां अवमानना कार्यवाही की स्थिति बनी। अंततः शीर्ष अदालत की सख्ती के बाद केंद्र सरकार ने राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्ताव पर निर्णय की प्रक्रिया पूरी की।

### इस मामले में राष्ट्रपति स्तर पर निर्णय हो चुका

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि अब इस मामले में राष्ट्रपति स्तर पर निर्णय हो चुका है। उन्होंने अदालत को जानकारी दी कि राष्ट्रपति ने पूर्व पुलिस अधिकारी विवेक कुमार चौहान को वीरता पदक प्रदान करने की मंजूरी दे दी है। सरकार की ओर से यह भी बताया गया कि पुरस्कार की औपचारिक अधिसूचना जल्द भारत के राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी। सरकार की ओर से अदालत के समक्ष रखी गई सूचना में कहा गया कि हाई कोर्ट के आदेश और लागू दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रस्ताव की समीक्षा की गई। इसके बाद राष्ट्रपति ने 24 जून 2003 को की गई कार्रवाई के लिए तत्कालीन उपनिरीक्षक विवेक कुमार चौहान को वीरता पदक प्रदान करने की मंजूरी दी।



## खबर एक नजर...

### दंत चिकित्सा में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित हुए डॉ. हितेश दिल्लीवाल

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश राज्य दंत परिषद द्वारा भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में डॉ. हितेश दिल्लीवाल (एमडीएस, पीरियोडॉन्टिस्ट) को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान परिषद की दुर्घटना बीमा, प्रोफेशनल इंडेम्निटी कवर और डिजिटल पंजीयन प्रणाली जैसी नई कल्याणकारी व डिजिटल पहलों के शुभारंभ अवसर पर प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, राज्य दंत परिषद के अध्यक्ष डॉ. चंद्रेश शुक्ला, रजिस्ट्रार डॉ. हर्ष चंसोरिया, सीधी सांसद (लोकसभा) डॉ. राजेश मिश्रा तथा राष्ट्रीय डेंटल कमीशन की सदस्य डॉ. उषा हेगड़े सहित प्रदेशभर के वरिष्ठ दंत चिकित्सक उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. हितेश दिल्लीवाल ने कहा कि राज्य दंत परिषद की यह नई पहल प्रदेश के दंत चिकित्सकों की सुरक्षा, पेशेवर सशक्तिकरण और डिजिटल सुविधाओं को एक नई दिशा देगी। परिषद के नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज और दंत चिकित्सा सेवा के प्रति अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

### गुमानदेव हनुमान गढ़ी में आज पखावज वादन के साथ होगा कथक

**उज्जैन।** पिपलीनाका रोड स्थित प्राचीन बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी में शनिवार 22 अगस्त को श्याम श्रावण महोत्सव के तहत विशेष सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। ब्रह्मलीन ज्योतिष ऋषि व पंचांगकर्ता श्यामनारायण व्यास की स्मृति में होने वाले इस आयोजन में पखावज वादन और कथक की मनमोहक प्रस्तुतियां होंगी। कार्यक्रम में प्रसिद्ध वरिष्ठ संगीतज्ञ और अवंतिका रत्न श्रीधर व्यास पखावज वादन की प्रस्तुति देंगे। वहीं, अंतरराष्ट्रीय कथक नृत्यांगना डॉ. संतोष देसाई कथक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान करेंगी। शनिवार रात 8 बजे से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण फेसबुक पर 'चंदन गुरु जी' पेज के माध्यम से भी किया जाएगा। आयोजक ज्योतिषाचार्य चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य श्यामनारायण व्यास की स्मृतियों को धर्म, संगीत और भारतीय शास्त्रीय कला के माध्यम से नमन करना है। यह संध्या भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य की समृद्ध परंपरा को समर्पित रहेगी। उन्होंने शहर के धर्म, कला और संगीतप्रेमी नागरिकों से इस आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है।

### विद्यार्थियों ने समझा आयुर्वेद का सफर, दवा निर्माण से लेकर उपचार की देखी प्रक्रिया

**उज्जैन।** लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय के बीएससी प्रथम, द्वितीय और अंतिम वर्ष के सूक्ष्मजीवविज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने धनवंतरी आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने हर्बल गार्डन से लेकर अस्पताल के विभिन्न विभागों का दौरा कर आयुर्वेद की संपूर्ण प्रक्रिया को बारीकी से समझा। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने हर्बल गार्डन, फार्मास्यूटिकल लैब, पंचकर्म केंद्र, ओपीडी और आईपीडी का अवलोकन किया। यहां छात्रों को औषधीय पौधों की पहचान से लेकर दवा निर्माण और मरीजों के उपचार तक की पूरी प्रक्रिया दिखाई गई। भ्रमण के बाद विद्यार्थियों ने आयुर्वेद क्षेत्र में करियर बनाने को लेकर भी अपनी विशेष रुचि प्रदर्शित की। यह भ्रमण आयुर्वेदिक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओपी व्यास और अस्पताल अधीक्षक डॉ. मुकेश गुप्ता के निर्देशन में संपन्न हुआ। अस्पताल के ओपीडी और आईपीडी में डॉ. नरेश व डॉ. प्रीति जैन ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। संपूर्ण शैक्षणिक भ्रमण का संचालन समन्वयक प्रोफेसर सोनल गोधा के साथ डॉ. अंजलि शाह और डॉ. जया परिहार ने किया।

### मनकामनेश्वर महादेव मंदिर समिति और महिला मंडल का आयोजन, मार्ग में कई स्थानों पर हुआ स्वागत

**उज्जैन।** सावन मास में कैलाश एंपायर स्थित मनकामनेश्वर महादेव मंदिर से महाकालेश्वर मंदिर तक चतुर्थ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। मनकामनेश्वर महादेव मंदिर समिति और महिला मंडल कैलाश एंपायर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस यात्रा में महिला, पुरुष और बच्चों सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मंदिर समिति के सदस्य भरत शर्मा बिछड़ोद और दीप यादव ने बताया कि कलश यात्रा का मार्ग में विभिन्न स्थानों पर समिति सदस्यों व धार्मिक संस्थाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। विक्रमादित्य मार्केट परिसर में चेतन व्यास द्वारा फरियाली खिचड़ी और आशीष भारती द्वारा पेयजल की व्यवस्था की गई। यात्रा के दौरान प्रशासन और महाकालेश्वर मंदिर समिति का भी सराहनीय सहयोग रहा। इसके चलते श्रद्धालुओं को सुगमता से बाबा महाकाल के दर्शन और जलाभिषेक करने का अवसर मिला। श्रावण मास में आयोजित इस धार्मिक यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## इसरो वैज्ञानिक ने दिए सवालों के जवाब, मुख्यमंत्री ने वर्चुअली किया संबोधित





# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर छात्रों ने जानी भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियां

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर उज्जैन साइंस सेंटर और तारामंडल (प्लेनेटेरियम) में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल और विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के इस संयुक्त आयोजन का उद्देश्य युवा पीढ़ी को खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष विज्ञान में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअली संबोधित कर छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान, खगोल विज्ञान और वैज्ञानिक अनुसंधान में अधिक रुचि विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज ने की। आयोजन का मुख्य आकर्षण इसरो की मास्टर कंट्रोल फैसिलिटी, भोपाल के वैज्ञानिक स्वप्निल त्रिवेदी का विशेष व्याख्यान रहा। उन्होंने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, सैटेलाइट सिस्टम और उनके उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। व्याख्यान के बाद छात्रों और वैज्ञानिक के बीच आमने-सामने बातचीत का सत्र (इंटरैक्टिव सेशन) हुआ, जिसमें छात्रों ने अंतरिक्ष क्षेत्र में करियर, शिक्षा और सैटेलाइट से जुड़े कई सवाल पूछे और सीधे मार्गदर्शन प्राप्त किया।

कार्यक्रम में उज्जैन क्षेत्र के स्कूल-कॉलेज के छात्रों, शोधकताओं और फैकल्टी सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। संचालन उज्जैन तारामंडल एवं विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. मनोज राठौर ने किया। इंट्रेंद्र सिसोदिया ने उज्जैन तारामंडल, विज्ञान केंद्र एवं डोंगला वेधशाला के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के डॉ. अनिल खरे एवं डॉ. भूपेश सक्सेना उपस्थित रहे। अंत में विक्रम विश्वविद्यालय की भौतिक अध्ययनशाला की विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति दुबे ने आभार व्यक्त किया।

### नई नियुक्तियों से संगठन में आएगा नवाचार और मिलेगी मजबूती

**उज्जैन।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से उज्जैन ग्रामीण की नई कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। इसके तहत हरजीत सिंह कड़ोदिया को युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष और राहुल धाकड़ चुनाखेड़ी को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। जिला मीडिया प्रभारी गजेन्द्र परमार ने बताया कि इन नियुक्तियों पर भाजपा उज्जैन ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने हर्ष व्यक्त करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। राजेश धाकड़ ने कहा कि युवा मोर्चा भाजपा की रीढ़ है। दोनों ऊर्जावान और संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिनकी नियुक्ति से निश्चित ही मोर्चा और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि संगठन में नई ऊर्जा के संचार के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में युवा मोर्चा सक्रिय भूमिका निभाएगा। नए नेतृत्व में टीम बूथ स्तर तक युवाओं को पार्टी से जोड़ेगी और केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

## छात्र पर पुलिस बर्बरता के खिलाफ राहुल गांधी के धरने के समर्थन में प्रदर्शन

### गणेश चौक पर शहर अध्यक्ष के नेतृत्व में हुआ धरना, छात्र की एफआईआर दर्ज न करने का किया विरोध

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

एक छात्र पर पुलिस की बर्बर कार्रवाई और उसकी एफआईआर दर्ज न होने के विरोध में राहुल गांधी द्वारा दिए गए धरने के समर्थन में उज्जैन शहर कांग्रेस ने शुक्रवार को धरना दिया। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में स्थानीय गणेश चौक पर कांग्रेस कार्यकताओं ने एकजुट होकर केंद्र सरकार और पुलिस की कार्यप्रणाली के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।

धरने को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि देश में अब लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं बची है। मोदी सरकार की पुलिस ने एक होनहार छात्र पर बर्बरतापूर्वक लाठियां बरसाईं, आंसू गैस के गोले छोड़े और पैलेट गन का इस्तेमाल किया। इस कार्रवाई में छात्र की आंख फूट गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि पुलिस ने घायल छात्र की एफआईआर तक दर्ज नहीं की। इसी तानाशाही के विरोध में जननायक राहुल गांधी थाने पर धरने पर बैठे, जिनके समर्थन में पार्टी के निर्देश पर शहर कांग्रेस ने यह प्रदर्शन किया है। संगठन महासचिव अजय राठौर ने बताया कि धरने में प्रमुख रूप से डॉ. रवि रॉय, अजीत सिंह, राजेश राणा, देव व्रत यादव, अशोक सारवान, पवन यादव, धीरज यादव, विक्रम सिंह पटेल, रमेश सांखला, दीनू बड़ोदिया, चंद्र भान सिंह चंदेल, आनंद मीणा, अभिषेक शर्मा, पितेश शर्मा, चेतन भाट, मनीष शर्मा, इंद्र सिंह कुशवाह, आनंद कुमरावत, राजा ठाकुर, निलेश खुले और कृष्णा यादव सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### उज्जैन की प्रतिष्ठा जैन को मिला यंगेस्ट एस्ट्रोलॉजर का अवॉर्ड

**उज्जैन।** मिराल फाउंडेशन की ओर से अहमदाबाद के होटल प्रेसिडेंट में 40वीं ग्लोबल ऑकल्ट साइंस समिट ऑकल्ट कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उज्जैन की युवा ज्योतिषी प्रतिष्ठा जैन को 'यंगेस्ट एस्ट्रोलॉजर' के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। प्रतिष्ठा को यह सम्मान मुंबई से आए हितेश गुरु, अन्य प्रसिद्ध ज्योतिषियों और मिराल फाउंडेशन की फाउंडर मीता झानी ने प्रदान किया। इस कॉन्क्लेव में देश-विदेश के ज्योतिषी, टैरो कार्ड रीडर और तंत्र साधक सहित अन्य ऊर्जा साधकों ने हिस्सा लिया। सचिन जैन और शीतल जैन की पुत्री प्रतिष्ठा की उपलब्धि पर उनके परिजनों व शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## महंगाई के खिलाफ सड़क पर उतरी कांग्रेस

### निकाला पैदल मार्च, दाम कम न होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



देश में तेजी से बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में शहर कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकाला। इस दौरान महिला कांग्रेस कार्यकताओं ने हाथों में थालियां बजाकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया।

पैदल मार्च का नेतृत्व करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि भाजपा ने देश में महंगाई की सुनामी ला दी है, जिससे आम आदमी का जीना मुश्किल हो गया है। सरकार ने पहले देश में रोजगार के अवसर खत्म किए और अब बेतहाशा महंगाई से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार सिर्फ अपने पूंजीपति मित्रों की जेबें भरने में व्यस्त है। भाटी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द से जल्द रोजमर्रा की उपयोगी चीजों के दाम कम नहीं किए गए, तो कांग्रेस पार्टी आमजन के इस मुद्दे को लेकर उग्र प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि रॉय ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के तहत गन्ने से एथेनॉल बनाया जा रहा है, जिसके कारण देश में शक्कर के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इसी क्रम में खाद्य तेल और खाने-पीने की अन्य वस्तुएं भी महंगी हो गई हैं।

## कालिदास कॉलेज में लगा निशुल्क पिंक ड्राइविंग लाइसेंस कैंप, छात्राओं का हुआ पंजीयन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छात्राओं के लिए निशुल्क पिंक ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के तहत लगे इस कैंप में उज्जैन आरटीओ की टीम ने आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर छात्राओं का ड्राइविंग लाइसेंस के लिए पंजीयन किया।

कार्यक्रम में छात्राओं को यातायात, महिला सुरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया गया। माधव नगर थाने की एसआई अंजली सिंह राजपूत ने महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, यौन शोषण और साइबर अपराधों की जानकारी देते हुए भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं व कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया। यातायात थाना प्रभारी सीमा मौर्य ने हेलमेट के अनिवार्य उपयोग, यातायात नियमों का पालन करने और वैध ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की अपील की। वहीं, वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक वीना बोरासी ने छात्राओं को इंस्टाग्राम और मोबाइल चैटिंग जैसे सोशल मीडिया माध्यमों से होने वाले शोषण के प्रति सतर्क किया और संकट के समय वन स्टॉप सेंटर से मिलने वाली सहायता की जानकारी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने छात्राओं को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आयोजन छात्र संघ प्रभारी डॉ. कविता मंगलम द्वारा किया गया। संचालन महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रियंका त्रिपाठी ने किया तथा आभार स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. अंजना बुंदेला ने माना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राएं और प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### क्षिप्रा को 351 फीट चुनरी ओढ़ाकर राजस्थान के लिए जल कलश पदयात्रा रवाना

## रामघाट से शुरू हुआ 15 दिवसीय अभियान

### जन्माष्टमी पर देवनारायण की जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी पहुंचेगी यात्रा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**




सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार और आस्था के संकल्प के साथ शुक्रवार को रामघाट से 15 दिवसीय धार्मिक जल कलश पदयात्रा का भव्य शुभारंभ हुआ। मोक्षदायिनी क्षिप्रा नदी को 351 फीट लंबी चुनरी अर्पित कर और कलशों में पवित्र जल भरकर श्रद्धालु राजस्थान स्थित भगवान देवनारायण की जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी के लिए रवाना हुए। शुभारंभ के दौरान रामघाट क्षिप्रा और भगवान देवनारायण के जयकारों से गूंज उठा।

शुभारंभ अवसर पर मालासेरी डूंगरी के मुख्य पुजारी हेमराज पोसवाल, राज्यसभा सांसद व भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ. अलका गुर्जर, उज्जैन उत्तर विधायक राजेन्द्र भारती, प्रवक्ता रामलाल मालवीय सहित अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों ने क्षिप्रा का पूजन, अभिषेक और आरती कर यात्रा की सफलता की कामना की। यात्रा संयोजक लाखनसिंह लोहागढ़ के नेतृत्व में निकली यह पदयात्रा रामघाट से हरसिद्धि मंदिर के सामने से होते हुए नृसिंह घाट ब्रिज, मेला ग्राउंड, रणजीत हनुमान मंदिर और माता सांढ की बावड़ी की ओर आगे बढ़ी। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पदयात्रियों का स्वागत कर भोजन प्रसादी और धर्मसभाओं का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा संयोजक लाखनसिंह लोहागढ़ ने बताया कि इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य क्षिप्रा का पवित्र जल मालासेरी डूंगरी तक पहुंचाना है। मध्य प्रदेश और राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए यह यात्रा 4 सितंबर को जन्माष्टमी के पर्व पर गंतव्य तक पहुंचेगी। वहां क्षिप्रा के जल से भगवान देवनारायण का महाभिषेक किया जाएगा। इस 1 आयोजन में महिलाएं, पुरुष, युवा कलश लेकर शामिल हुए हैं।

### शंखनाद समिति का आयोजन, 25 अगस्त को निकलेगी पांच हजार महिलाओं की विशाल कलश यात्रा

## शिव महापुराण कथा में सुनाया गणपति जन्मोत्सव का प्रसंग





### 151 किलो की माला से हुआ स्वागत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मक्सी रोड पवांसा स्थित शीतल स्कूल के पास श्रीराम विजय वाटिका में शंखनाद समिति द्वारा सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन ज्योतिषाचार्य अजय शंकर तिवारी ने गणपति जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। इस दौरान मारवाड़ा नायक समाज ट्रस्ट और क्षत्रिय नायक युवा संगठन के पदाधिकारियों द्वारा कथावाचक के साथ-साथ कथा संयोजक आनंद खींची और समिति अध्यक्ष संजय पवार का 151 किलो की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शंखनाद समिति और समाज के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे का भी सम्मान किया।

कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक चल रही है। जानकारी देते हुए आनंद खींची और संजय पवार ने बताया कि कथा का वाचन 24 अगस्त तक होगा। विश्राम के अगले दिन 25 अगस्त को पवांसा, पांड्याखेड़ी, नीमनवासा और शंकरपुर क्षेत्र की संयुक्त विशाल कलश व शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में पांच हजार से अधिक महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

आयोजन को सफल बनाने में समिति के नारायण यादव, जमुनालाल यादव, धर्मदास चावड़ा, जगदीश सिंह अटल, पार्षद पुरुषोत्तम मालवीय, सत्यनारायण मालवीय और अनिल सिंह गौड सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व क्षेत्रवासी जुटे हुए हैं। कथा के दौरान मारवाड़ा नायक समाज ट्रस्ट व क्षत्रिय नायक युवा संगठन के संस्थापक सुन्दर लाल सारवना, उपाध्यक्ष बंशी भाई, सचिव संजय पवार, उपाध्यक्ष बबलू नायक, प्रदेश अध्यक्ष सुभाष राठौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष राजू डेका, प्रदेश मीडिया प्रभारी राधेश्याम राठौर, प्रदेश प्रवक्ता सुशील भाटी, इंदौर जिला अध्यक्ष जितेन्द्र पवार, पूर्व जिला अध्यक्ष उज्जैन विनोद राठौड़, वरिष्ठ समाजसेवी राजाराम, रमेश नायक, अनूप सिंह अटल पटेल, सुनील सांड, कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह गोंड, लक्ष्मण सिंह चंदेल, विजय सिंह अटल, रमेश गुर्जर, बलराम पवार, विशाल त्रिवेदी, तुफान मालवीय, मनीष गिरी, मंडल अध्यक्ष हरीश सोंधिया, पार्षद प्रतिनिधि सतीश राठौर, प्रेम राठौर, रामकृष्ण गुर्जर, दीपक शर्मा और अजीज गोटवाल उपस्थित रहे।

## रविदास सेवक संघ के नाम पर फर्जी बैठक बुलाने का आरोप, संस्था करेगी न्यायालय में वाद दायर

### राजीवनगर में संघ का कोई कार्यालय या धर्मशाला नहीं, लगाए गुमराह करने के आरोप

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

श्री रविदास सेवक संघ जिला उज्जैन ने 23 अगस्त 2026 को राजीवनगर आगर रोड पर बुलाई गई बैठक को असंवैधानिक बताया है। संघ के कोषाध्यक्ष टीकाराम सूर्यवंशी ने स्पष्ट किया है कि राजीवनगर में संघ की कोई बैठक नहीं रखी गई है और न ही वहां संघ की कोई धर्मशाला या कार्यालय है। संस्था ने संदीप सूर्यवंशी नामक व्यक्ति पर संघ के नाम का दुरुपयोग कर समाज को गुमराह करने का आरोप लगाया है।

कोषाध्यक्ष टीकाराम सूर्यवंशी ने बताया कि संदीप सूर्यवंशी राजीवनगर स्थित मनोहरलाल सूर्यवंशी के मकान नंबर 1504 को समाज की धर्मशाला बताकर लोगों को बैठक के लिए बुला रहे हैं। समाज को भ्रमित किया जा रहा है कि मनोहरलाल सूर्यवंशी ने धर्मशाला खरीदकर दान कर दी है, जबकि यह सरासर झूठ है। राजीवनगर में रविदास सेवक संघ व समाज की न तो कोई धर्मशाला खरीदी गई है और न ही किसी ने दान दी है। मनोहरलाल सूर्यवंशी एवं संदीप सूर्यवंशी द्वारा समाज के नाम से इस मकान में अवैधानिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। संस्था का आरोप है कि संदीप सूर्यवंशी समाज की एकता के नाम पर लोगों को बुलाकर भीड़ के फोटो व वीडियो बनाते हैं और राजनेताओं से राजनीतिक व व्यक्तिगत आर्थिक लाभ लेने का षड्यंत्र करते हैं। संघ ने स्पष्ट किया है कि संदीप सूर्यवंशी रविदास सेवक संघ के अध्यक्ष नहीं हैं और उनके द्वारा संघ के नाम से मीटिंग की सूचना जारी करना अवैधानिक व आपराधिक कृत्य है।

उज्जैन
शनिवार
22
अगस्त, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

अविज्ञाय नरो धर्मं दुःखमायाति याति च।
मनुष्य जन्म साफल्यं केवलं धर्मसाधनम्।।

**अर्थः** जो अज्ञानी है, वही व्यक्ति धर्म को नहीं जानता, उसका जीवन व्यर्थ है और वह सदैव दुखी रहता है और जो धर्म के नियम का पालन करता है, वही व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है। अपने जीवन को सुख और संपूर्णता के साथ जीता है।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में आयशर ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**इंदौर।** भंवरकुआ इलाके में एक सड़क हादसे में शुक्रवार दोपहर एक युवक की मौत हो गई। वह अपनी मोपेड से घर की तरफ जा रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गया। टक्कर के बाद उसकी मोपेड आयशर के नीचे दब गई और पहिया युवक के ऊपर चढ़ गया। पुलिस के मुताबिक धर्मेंद्र उइके निवासी चितावद है। वह उद्योग नगर मे एक निजी कंपनी में काम करता वह अपनी मोपेड से शुक्रवार करीब 3 बजे के लगभग घर के लिए निकला था। इस दौरान पीछे से उसे एक आयशर ने टक्कर मार दी। धर्मेंद्र की गाडी टक्कर के बाद अंदर ही फंस गई। उसका पहिया उसके उपर से गुजर गया। मौके पर पुलिस की काफी भीड़ लग गई। ड्राइवर यहां गाड़ी छोड़कर भाग गया। पुलिस ने आयशर जब्त की है। पुलिस के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है। धर्मेंद्र के परिवार से संपर्क किया जा रहा है।

मल्हारगंज इलाके में भी शुक्रवार शाम एक डंपर पलटी खा गया। शंकरगंज से जिसी इलाके मे सड़क निर्माण का काम चल रहा है। इस दौरान यहां चूरी माल लेकर डंपर निकला था, जो रोड की खुदाई के चलते नीचे उतरा ओर पलट गया। इस हादसे में ड्राइवर बाल-बाल बच गया। हालांकि, सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है। निगम की क्रेन से डंपर को सीधा करने का प्रयास किया जा रहा है।

### सीएफएल बदलते समय करंट लगने से मौत

**इंदौर।** अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में करंट लगने से 52 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वे अपने घर की छत पर सीएफएल बल्ब बदल रहे थे। परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। सुदामा नगर निवासी कपिल (52), पिता विष्णुकांत पाल, शुक्रवार दोपहर अपने घर की छत पर सीएफएल बदलने गए थे। इस दौरान होल्डर से उन्हें जोरदार करंट लग गया। आवाज सुनकर जब उनकी पत्नी छत पर पहुंचीं, तो कपिल बेसुध पड़े थे। उन्होंने तुरंत अपने जेठ अखिलेश और बच्चों को जानकारी दी। परिजन तुरंत कपिल को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक कपिल पीथमपुर स्थित एक निजी दवा कंपनी में काम करते थे। उनके परिवार में माता-पिता, दो बच्चे और भाई का परिवार साथ रहता है। फिलहाल अन्नपूर्णा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कीचड़ में बैठकर पार्षद-रहवासियों का धरना

**इंदौर।** वार्ड 75 स्थित भावना नगर-पालदा नाका क्षेत्र में सड़क की बदहाली से परेशान पार्षद और रहवासियों ने नगर निगम के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। सड़क निर्माण नहीं होने से नाराज पार्षद कुणाल सोलंकी रहवासियों के साथ सड़क पर जमा कीचड़ में ही बैठ गए और धरना दिया। उन्होंने जल्द सड़क निर्माण पूरा कराने की मांग की। रहवासियों का कहना है कि यह सड़क लंबे समय से खराब है। बारिश होते ही पूरा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है। इससे पैदल राहगीरों के साथ दोपहिया वाहन चालकों को भी परेशानी होती है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। रहवासी और पार्षद द्वारा प्रदर्शन के बाद नगर निगम ने सड़क का काम शुरू कर दिया गया है। धरना-प्रदर्शन खत्म हो गया है। पार्षद कुणाल सोलंकी ने नगर निगम कमिश्नर और एडिशनल कमिश्नर से मुलाकात कर समस्या का समाधान करने की मांग की। उन्होंने बताया कि सड़क का काम करीब चार साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन अब तक पूरा नहीं हो सका है। यह सड़क वार्ड 75 और 77 के बीच आती है। अधूरे निर्माण के कारण आसपास के रहवासियों को लंबे समय से परेशानी उठानी पड़ रही है।

### योनो एप के लिए कॉल कर 80 साल के बुजुर्ग को बनाया शिकार

**इंदौर।** पलासिया पुलिस ने एक 80 साल के रिटायर्ड बैंक मैनेजर की शिकायत पर अज्ञात ठग के खिलाफ ठगी के मामले में एफआईआर की है। आरोपी ने योनो ऐप की जानकारी लेने के लिए बुजुर्ग को कॉल किया था। इसके बाद बातों में लेकर उनके साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया। पलासिया पुलिस ने बताया कि ओमप्रकाश पुराणिक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल नंबर के कस्टमर के खिलाफ एफआईआर की है। ओमप्रकाश ने बताया कि कुछ दिन पहले वह अपने घर पर बैठे थे। तभी किसी अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया। उसने खुद को स्टेट बैंक से होने की बात कही और बताया कि वह योनो ऐप चलाते हैं। इनकार करने पर ओमप्रकाश को वह उसके फायदे बताने लगा। वहीं, उसे डाउनलोड करने की बात कही। इस दौरान बैंक संबंधी कुछ डिटेल की भी जानकारी ली। वहीं, मोबाइल स्क्रीन को उसके मुताबिक अपडेट करता रहा। वहीं, उसने पूछा कि कोई किसी का स्टेट बैंक में अकाउंट है। तब पत्नी मीना के अकाउंट होने की जानकारी होने की बात कही। तब उनके अकाउंट से तीन बार रुपए ट्रांसफर करवाकर ओमप्रकाश के अकाउंट में डलवाए। इसके बाद आरोपी ने अकाउंट से करीब 1 लाख 67 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। फिर उसने मोबाइल बंद कर लिया। बाद में ओमप्रकाश ने रुपए कटने पर साइबर हेल्पलाइन में शिकायत की। पुलिस ने गुरुवार को एफआईआर की है।

---

### ऑनलाइन सट्टा कारोबार में 3 गिरफ्तार, नेटवर्क की कड़ियां तलाश रही इंदौर पुलिस

# जीतू-पटवारी के भाई के फोन में मिली सटोरियों की आईडी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर के राजेंद्र नगर पुलिस ने ऑनलाइन सट्टे के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, तीनों के तार कांग्रेस नेता जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी से जुड़े हैं। कोर्ट में पेश करने के बाद तीनों को दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल निबोला निवासी राजेंद्र नगर, सोमप्रित शिंदे और धर्मेंद्र उर्फ धम्मू खिची निवासी द्वारकापुरी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, तीनों ऑनलाइन सट्टे के काम में लिप्त थे।

**नाना के मोबाइल में मिली तीनों की आईडी-** पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान नाना पटवारी के मोबाइल फोन में तीनों आरोपियों की आईडी मिली थी। इसी आधार पर पुलिस उनके संपर्क और ऑनलाइन सट्टे से जुड़े नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। पुलिस रिमांड के दौरान तीनों आरोपियों से ऑनलाइन सट्टे के कारोबार में उनकी भूमिका और नाना पटवारी से संपर्क की कड़ियों को लेकर पूछताछ कर रही है। धर्मेंद्र उर्फ धम्मू खिची के खिलाफ पहले से सट्टे का एक मामला दर्ज है।

**2018 में महिला ने लगाया था गंभीर आरोप-** नवंबर 2018 में नाना पटवारी पर धारा 354 (क) के तहत केस दर्ज हुआ था। शिकायतकर्ता महिला ने आरोप लगाया था कि नाना के साथ क्रुणाल पटवारी, चेतन पटवारी, सुदील चौधरी, गब्बू पटवारी और अन्य 40-50 लोग कार-बाइक से उसके घर पहुंचे और जबरदस्ती अंदर घुस आए।

महिला के मुताबिक, नाना के हाथ में पिस्टल थी, जबकि बाकी लोगों के हाथ में चाकू और तलवार थी। महिला ने नाना पटवारी पर उसका हाथ बुरी नीयत से पकड़ने का आरोप लगाया था।

**खुशी सुसाइड केस में भी आया था नाम-** जुलाई 2018 में इंदौर में 37 वर्षीय खुशी कूलवाल ने महालक्ष्मी नगर स्थित अपने फ्लैट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने जांच के दौरान उसके करीबी लोगों से पूछताछ की थी। जांच के दौरान कुलभूषण उर्फ नाना पटवारी का नाम भी सामने आया था। हालांकि, पूछताछ के बाद उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई थी।

#### अब तक करीब एक दर्जन गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक, ऑनलाइन सट्टे से जुड़े इस मामले में अब तक करीब एक दर्जन लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। नाना पटवारी भी इस मामले में आरोपी हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट और आईटी एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की है।

- **अन्नपूर्णा का सटोरिया मुख्य आरोपी, जमानत पर बाहर-** पुलिस ने अन्नपूर्णा इलाके में रहने वाले एक सटोरिए को इस मामले में मुख्य आरोपी बनाया था। उसे गिरफ्तार किया गया था, लेकिन फिलहाल वह जमानत पर बाहर है। राजेंद्र नगर पुलिस अब गिरफ्तार तीनों आरोपियों से रिमांड के दौरान पूछताछ कर रही है।

#### 9 जुलाई को हिरासत में लिया था

इस मामले से पहले 9 जुलाई 2026 को इंदौर पुलिस ने नाना पटवारी को हिरासत में लिया था। यह कार्रवाई राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर के मामले में पकड़े गए दो आरोपियों से पूछताछ के बाद हुई थी। डीसीपी नरेंद्र सिंह रावत ने बताया था कि राजेंद्र नगर पुलिस ने रेतमंडी चौराहा स्थित डी मार्ट के पास से इरफान खान उर्फ गोलू चंदेरी और संजय कौशल उर्फ रॉनी को गिरफ्तार किया था। उनके पास से करीब 10 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई थी। पूछताछ में दोनों ने नाना पटवारी और उनके साथी मानव गंगवानी का नाम लिया था। इसके बाद पुलिस ने नाना और मानव को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। बाद में दोनों को छोड़ दिया गया था।

**नाना पटवारी के खिलाफ 10 केस दर्ज-** नाना पटवारी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्हें 2023 विधानसभा चुनाव के दौरान भी गिरफ्तार किया गया था। उन पर करीब सात साल पुराने हत्या के प्रयास के मामले में फरार रहने का आरोप था। साल 2025 में इंदौर के तेजाजी नगर थाने में नाना और उनके दो सहयोगियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी।

---

# 30 कछुओं की तस्करी में पकड़े आरोपियों से पूछताछ

### इंदौर से महाराष्ट्र तक फैला सप्लाई लिंक, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर है पकड़े गए कछुओं की डिमांड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में 30 कछुओं के साथ पकड़े गए दो आरोपियों से पूछताछ में वन विभाग को वन्यजीव तस्करी के एक बड़े नेटवर्क के संकेत मिले हैं।

स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने मुसाखेड़ी निवासी केशव शर्मा और रोहन गौड़ को कछुओं की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद 24 अगस्त तक वन विभाग की रिमांड पर लिया है। अब जांच का फोकस सिर्फ बरामद कछुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके पीछे मौजूद सप्लायर, खरीदार और दूसरे राज्यों तक फैले नेटवर्क को खंगालने पर है। शुरूआती पूछताछ में आरोपियों के संपर्क महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों से जुड़े मिले हैं।

टीम यह पता लगाने में जुटी है कि



कछुए कहां से लाए गए, किसके जरिए इंदौर पहुंचाए गए और आगे किन लोगों को इनकी सप्लाई की जानी थी। जांच में यदि कड़ियां जुड़ती हैं तो वन्यजीवों की तस्करी करने वाले एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हो सकता है। इन कछुओं की डिमांड इंदौर के साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर तक होती है।

ग्राहक तलाशने से लेकर डिलीवरी तक बंटा था काम जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपियों के बीच काम बंटा हुआ था। केशव ग्राहकों से संपर्क कर कछुओं का सौदा करता था, जबकि रोहन उन्हें ग्राहकों तक पहुंचाने का काम करता था। अब अधिकारियों की कोशिश यह पता लगाने की है कि दोनों के पीछे कौन लोग सक्रिय थे और उन्हें कछुओं की नियमित सप्लाई कौन कर रहा था। टीम आरोपियों के मोबाइल फोन में मिले संपर्कों, कॉल डिटेल और अन्य डिजिटल सुरागों को भी जांच का हिस्सा बना रही है। महाराष्ट्र कनेक्शन पर भी जांच पूछताछ में महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों से सप्लाई लिंक के संकेत मिलने के बाद जांच का दायरा बढ़ गया है। टीम यह भी पता कर रही है कि क्या आरोपी लंबे समय से कछुओं की तस्करी में सक्रिय थे या हाल में इस नेटवर्क से जुड़े।

अधिकारियों को आशंका है कि नेटवर्क में केवल सप्लायर और खरीदार ही नहीं, बल्कि वन्यजीवों को पकड़ने, उन्हें एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने और ग्राहकों तक डिलीवरी करने वाले कई लोग शामिल हो सकते हैं।

तीन संरक्षित प्रजातियों के 30 कछुए मिले थे कार्रवाई में टीम ने आरोपियों के कब्जे से इंडियन स्टार टॉरटॉइज के 14, इंडियन रूफ्ड टर्टल के 10 और स्पॉटेड पॉन्ड टर्टल के 6 कछुए बरामद किए थे। इसके अलावा तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। वन विभाग के मुताबिक बरामद वन्यजीव वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 के तहत संरक्षित हैं।

# पीएम आवास योजना के फ्लैटों में दुकानें-मवेशी मिले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अमलतास परिसर में आवंटित आवासीय इकाइयों में नियम विरुद्ध गतिविधियों के खिलाफ निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने शुक्रवार को कार्रवाई की। संयुक्त कार्रवाई में 15 आवासीय इकाइयों को सील किया गया, जबकि फ्लैटों में संचालित दुकानों का सामान भी जब्त किया गया।

निरीक्षण के दौरान सामने आया कि कुछ आवंटित आवासीय इकाइयों में नियमों के विपरीत मवेशी पाले जा रहे थे। वहीं, कुछ हितग्राहियों ने आवास किराये पर देकर अवैध गतिविधियां संचालित कर रखी थीं। कई फ्लैटों में आवासीय उपयोग के बजाय दुकानें भी संचालित होती मिलीं। जांच में यह भी सामने आया कि कुछ हितग्राहियों ने प्रारंभिक राशि 20 हजार रुपए जमा करने के बाद शेष 1.80 लाख रुपए की राशि अब तक जमा नहीं की है। कार्रवाई के दौरान जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम मौजूद रही। तेजाजी नगर थाना प्रभारी, क्षेत्रीय तहसीलदार, कार्यपालन यंत्री मितेश सिंगोड, सीएलटीसी संतोषी गुप्ता सहित निगम की रिमूवल टीम और पुलिस बल कार्रवाई में शामिल रहा। निगम ने हितग्राहियों को 15 दिन की मोहलत देते हुए बकाया राशि जमा कर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। ऐसा नहीं करने पर आवास खाली करवाकर आवंटन निरस्त किया जाएगा और पात्र हितग्राही को आवास आवंटित किया जा सकता है।

---

# इंदौर में फोटो-वीडियो के लिए जेब्रा क्रॉसिंग पर लेटी युवती

### वाहनों के आगे आकर ट्रैफिक को रोकती दिखी, पुलिस बोली- कार्रवाई करेंगे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के विजय नगर इलाके में एक इंन्फुएसर युवती का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। युवती यहां पर ट्रैफिक नियमों का उल्लघंन करती दिख रही है। वह वाहनों के आगे जेब्रा क्रासिंग पर लेट रही है। हालांकि इस मामले में पुलिस अफसरों ने युवती की जानकारी निकलवाने के बाद कार्रवाई की बात कही है।

वायरल वीडियो विजयनगर के पास का है। यहां एक प्रकृति गौर नाम की इंन्फुएसर अपना फोटो ओर वीडियो शूट करवा रही है। वह इंदौर में ट्रैफिक सिग्नल पर वाहनों के रूकने के दौरान वाहनों के आगे आकर लेटकर ट्रैफिक को रोकती दिखी। वीडियो को लेकर क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने संज्ञान लेकर जांच करने की बात कही है। उनके मुताबिक इस तरह का वीडियो बनाना गलत है। यह ट्रैफिक नियमो का उल्लघंन है। प्रकृति गौर के सोशल मीडिया पर करीब 8 हजार फालोअर्स हैं।

### इंदौर शहर के सरकारी अस्पतालों का हाल

# पीने के पानी में मानव मल में पाए जाने वाले कीटाणु मिले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर के सरकारी अस्पतालों में मरीजों और परिजन के लिए लगाए गए आरओ और कूलरों के पीने के पानी में मानव और जानवरों के मल में पाए जाने वाले कीटाणु मिले हैं। ये वही कीटाणु हैं जो भागीरथपुरा में पानी की जांच में मिले थे।

यहां से पेयजल के नमूने लेकर एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में जांच कराई। इसमें एमवाय, सुपर स्पेशिएलिटी, पीसी सेठी और चाचा नेहरू अस्पताल के पानी में ई-कोलाई और टोटल कॉलिफॉर्म पाए गए। मेंटल हॉस्पिटल के पानी में भी टोटल कॉलिफॉर्म मिला। जिला अस्पताल के पानी में अन्य रोगजनक कीटाणु मिले। सिर्फ एमटीएच, बाणगंगा और एमआरटीबी अस्पताल में ही पानी पीने लायक मिला।

ई-कोलाई और कॉलिफॉर्म से आखिर क्या खतरा ई-कोलाई एक ऐसा बैक्टीरिया है, जो इंसानों और जानवरों की आंतों में पाया जाता है। यह पीने के पानी में मिले तो यह मल जनित प्रदूषण का संकेत



है। कॉलिफॉर्म बैक्टीरिया का एक समूह है। विशेषज्ञों के अनुसार कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले मरीजों, आईसीयू में भर्ती मरीजों, नवजातों, ऑपरेशन के बाद भर्ती मरीजों में गंभीर संक्रमण हो सकता है।

पीसी सेठी अस्पताल और एमवाय अस्पताल यहां पेयजल की व्यवस्था संवेदना एनजीओ के पास है। संस्था ने दोनों अस्पतालों में लगभग 1000 लीटर क्षमता के आरओ प्लांट लगाए हैं। दोनों अस्पतालों के पानी के नमूनों में ई-कोलाई और टोटल कॉलिफॉर्म पाए गए। पीसी सेठी के वाटर कूलर के पास गंदगी रहती है, एमवाय की कैजुअल्टी में वाटर कूलर ज्यादातर बंद रहते हैं।

मानसिक चिकित्सालय आरओ प्लांट का पानी सीधे मटकों में भरकर मरीजों को दिया जा रहा है। अस्पताल का वाटर कूलर लंबे समय से खराब पड़ा है। ओपीडी में भी मरीजों के लिए मटकों में ही पानी रखा जाता है। मटके के पानी के नमूने में टोटल कॉलिफॉर्म मिला।

जिला अस्पताल नए जिला अस्पताल में मरीजों के लिए नियमित पेयजल व्यवस्था तक नहीं है। ओपीडी के समय एक सामाजिक संस्था लोटों से पानी वितरित करती है।

चाचा नेहरू चाचा नेहरू अस्पताल में नवजात और बच्चों का इलाज होता है। यहां के पानी के नमूने में भी ई-कोलाई और टोटल कॉलिफॉर्म मिले। वाटर कूलर के आसपास सफाई नहीं थी। सुपर स्पेशिएलिटी मरीजों और परिजन को 7वीं मंजिल या कैंटीन के आरओ से पानी लेना पड़ता है। 7वीं मंजिल का आरओ बंद रहता है। कैंटीन के पानी में ई-कोलाई, टोटल कॉलिफॉर्म मिले।

बाणगंगा हॉस्पिटल अस्पताल में पानी में कोई कीटाणु तो नहीं मिला, लेकिन आरओ प्लांट अक्सर बंद रहता है। वाटर कूलर के आसपास काफी कचरा और गंदगी भी फैली हुई थी।

हम भी नियमित जांच करा रहे हैं अस्पतालों में हॉस्पिटल इंफेक्शन कंट्रोल कमेटी(एचआईसीसी) की बैठक होती है। पेयजल के नमूनों की जांच कराई जाती है। जहां कमी सामने आती है, वहां अस्पताल अधीक्षक को सूचित करते हैं। अस्पतालों की इंफेक्शन कंट्रोल कमेटी के अध्यक्ष वहां के अधीक्षक ही होते हैं।

**- डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी, एचआईसीसी, एमजीएम मेडिकल कॉलेज**

---

### इंदौर में जन विश्वास अभियान में लापरवाही पर इंजीनियर सस्पेंड

# निगम कमिश्नर ने दूसरे को बर्खास्त, शिकायत पर मौका निरीक्षण तक नहीं किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत लोगों की शिकायतों के त्वरित निराकरण में लापरवाही बरतना नगर निगम के इंजीनियर को भारी पड़ गया।

निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने जोन-9 में पदस्थ सब इंजीनियर व प्रभारी सहायक इंजीनियर (जलप्रदाय) शिवराज यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं, एक अन्य कार्रवाई में इंजीनियर लालराम मेहरा को बर्खास्त कर दिया है। शिवराज यादव के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू की गई है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय ट्रेंचिंग ग्राउंड रहेगा।

**बंबई की चाल के मांगा था साफ पानी-** शुक्रवार को निगम की ओर से जारी आदेश के मुताबिक 21 अगस्त को जोन-9



के निरीक्षण के दौरान बंबई की चाल, न्यू देवास रोड के रहवासियों ने घरेलू पेयजल कनेक्शन के जरिए स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने की शिकायत की थी। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि शिकायत पर न तो मौका निरीक्षण किया गया और न ही उसका निराकरण कराया गया। निगम कमिश्नर ने इसे मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना माना।

**शिवराज यादव पर ये आरोप-** जोन-9 में जलप्रदाय व्यवस्था के प्रभारी थे। रहवासियों की पेयजल संबंधी शिकायत का समय पर निराकरण नहीं कराया। शिकायत की जांच के लिए मौका निरीक्षण तक नहीं किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के बावजूद शिकायतों के त्वरित निराकरण में रुचि नहीं ली। इसे पदीय दायित्व के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता माना गया।

**सीएम जन विश्वास अभियान में शिकायतों पर फोकस-** राज्य शासन ने 7 अगस्त 2026 से मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 शुरू किया है। इसके तहत अधिकारियों को क्षेत्र का भ्रमण करने, निरीक्षण करने और लोगों से सीधे संवाद कर उनकी शिकायतों का त्वरित निराकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग और लोक सेवाओं को निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है।

#### निलंबन के साथ विभागीय जांच भी

आदेश में बताया है कि शिवराज यादव ने अपने पदीय दायित्व का समुचित तरीके से निर्वहन नहीं किया। उनके खिलाफ मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के तहत निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय ट्रेंचिंग ग्राउंड रहेगा और उन्हें नियमानुसार निलंबन भत्ता मिलेगा। ट्रेंचिंग ग्राउंड के प्रभारी अधिकारी को उनकी उपस्थिति की नियमित निगरानी और नियंत्रण के निर्देश दिए गए हैं।

#### लालराम मेहरा भी बर्खास्त

निगम कमिश्नर ने इंजीनियर लालराम मेहरा को बर्खास्त कर दिया है। निगम की ओर से उनके खिलाफ की गई कार्रवाई के पीछे विभागीय स्तर पर सामने आई लापरवाही को आधार बनाया गया है।

### सागर में पंचायत भवन के पीछे मिले 5 बम कैप:एक में बारूद का संदेह

**सागर।** सागर के ग्राम बम्होरी बीका में शुक्रवार शाम बम के हिस्से मिलने से हड़कंप मच गया। सरपंच की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार, ग्राम बम्होरी बीका में ग्राम पंचायत भवन के पीछे पेड़ के नीचे बम के हिस्से ट्यून्स मोटार बम के हेड यानी आगे के हिस्से पड़े मिले। ग्रामीणों ने देखा तो सरपंच को सूचना दी। सरपंच ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। उन्होंने आर्मी के बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। टीम ने मौके पर मौजूद बम के टुकड़ों की जांच की। इसमें से 4 डिफ्यूज मिले। वहीं एक संदिग्ध था। जिसे टीम ने डिफ्यूज किया है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि उक्त हिस्से बम की कैप थे, जिसमें 4 पहले से डिफ्यूज थे। वहीं एक में बारूद होने का संदेह था, जिसे आर्मी के बम निरोधक दस्ते ने डिफ्यूज किया। यह बम के टुकड़े करीब 20 साल पुराने होना बताया जा रहा है। सिविल लाइन थाना प्रभारी आनंद सिंह ने बताया कि गांव में बम के कैप होने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर जांच की गई। उक्त सामग्री गांव के पास कैसे पहुंची और कौन लेकर आया, अभी पता नहीं चला है। एक संदिग्ध कैप को बम निरोधक दस्ते ने डिफ्यूज किया है। दरअसल, ग्राम बम्होरी बीका के पास आर्मी की फायरिंग रेंज है। यहां पर आर्मी अपनी फायरिंग की अभ्यास करती है। इस दौरान हथियारों का प्रयोग किया जाता है। जिस कारण अक्सर इस क्षेत्र में बम जैसे विस्फोटक मिलने के मामले सामने आते रहते हैं। डेढ साल पहले भी पुराना हम मिला था। जिसे डिफ्यूज कराया गया था।

### केंद्र से पैसा मिलने से पहले खर्च पर रोक: फाइनेंस सख्त

**भोपाल।** राज्य सरकार ने केंद्रीय क्षेत्रीय (सेंट्रल स्पांसर्ड) एवं केंद्र प्रवर्तित योजनाओं (सेंट्रल स्पांसर्ड स्कीम) में बजटीय अनुशासन के लिए विभागों के एडवांस बजट खर्च पर रोक लगा दी है। वित्त विभाग ने सभी विभागों से कहा है कि ऐसी योजना में केंद्र सरकार के हिस्से की राशि मिलने की प्रत्याशा में राज्य बजट से एडवांस खर्च नहीं किया जाए। केंद्र सरकार के हिस्से की राशि मिलने के बाद ही संबंधित योजना में राज्य के हिस्से की राशि का आहरण किया जा सकेगा और ऐसा न करने पर सीधे तौर पर विभाग के बजट नियंत्रण अधिकारी जिम्मेदार होंगे। इसके साथ ही विभागों से ऐसे मामलों की सूची भी मांगी गई है जिसमें राशि खर्च हुई है और केंद्र से फंड आना बाकी है। वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव मनीष रस्तोगी द्वारा इसको लेकर जारी निर्देश में कहा गया है कि कुछ केंद्रीय योजनाओं में विभागों द्वारा केंद्र सरकार से मिलने वाले फंड की प्रत्याशा में राज्य बजट से एडवांस खर्च किए जाने तथा केंद्र सरकार से इसके बदले मिलने वाली राशि प्राप्त करने में देरी की स्थिति सामने आई है।

### बुखार-खांसी के साथ स्वाइन फ्लू जैसे लक्षण वाले मरीज बढ़े

**भोपाल।** अगस्त में लगातार बारिश और जलभराव के कारण राजधानी में मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। जेपी अस्पताल, हमीदिया अस्पताल और एम्स भोपाल की मेडिसिन ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ी है। इनमें खांसी, जुकाम, बुखार और स्वाइन फ्लू जैसे लक्षणों वाले मरीज भी पहुंच रहे हैं। संभावित संक्रमण को देखते हुए वायरस की जांच के लिए हमीदिया अस्पताल में किट मंगाई गई है, जबकि एम्स भोपाल में पहले से जांच किट उपलब्ध है। जिला स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अगस्त में भोपाल में स्वाइन फ्लू के 6 मामले सामने आए हैं और सभी मरीज रिकवर कर चुके हैं। वहीं, बारिश के कारण त्वचा संक्रमण के मरीजों में भी 20 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। डेंगू के मामले पिछले सालों की तुलना में कम हैं, लेकिन सितंबर से नवंबर के बीच खतरा बढ़ने की आशंका को देखते हुए निगरानी और मच्छरों की ब्रीडिंग रोकने के अभियान तेज किए गए हैं। अब तक अगस्त माह में डेंगू के 9 केस दर्ज हुए हैं।

### सतना में 10 दिन से उपस्वास्थ्य केंद्र पर ताला, 5 गांवों के मरीज परेशान

**सतना।** सतना जिले के कोटर तहसील अंतर्गत मोहनिया उपस्वास्थ्य केंद्र पिछले 10 दिनों से बंद है। मोहनिया, बूड़ा और अधरवार सहित पांच गांवों के ग्रामीण प्राथमिक उपचार के लिए परेशान हो रहे हैं। स्टाफ के तबादले के बाद नई पदस्थापना न होने से केंद्र में ताला लगा हुआ है। केंद्र बंद होने के कारण मरीजों को छोटी बीमारियों के लिए भी कोटर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल जाना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग के टीकाकरण सहित अन्य कार्यक्रम भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मजबूरी में कई लोग गांव के झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज करा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, उपस्वास्थ्य केंद्र खुला रहने पर यहां प्रतिदिन 20 से अधिक मरीज उपचार के लिए आते थे। बारिश के मौसम में केंद्र बंद होने से ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है। केंद्र के बाहर जलभराव की स्थिति भी बनी रहती है। मोहनिया उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एएनएम ज्योति पंचेश्वर का तबादला 15 जून को शिवनी हो गया था। वहीं, सीएचओ प्रियंका पटेल का स्थानांतरण उचेहरा किया गया। सीएचओ को 9 अगस्त को मोहनिया से रिलीव कर दिया गया।

# भोपाल में ओला-रैपिडो की बाइक पर लग सकता है ब्रेक

## गैर-कमर्शियल वाहनों का हो रहा व्यावसायिक इस्तेमाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल में ओला और रैपिडो जैसी कंपनियों की बाइक टैक्सी सेवा पर असर पड़ सकता है। परिवहन विभाग ने टैक्सी यूनियनों की मांग के बाद एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म पर चल रहे गैर-कमर्शियल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने स्पष्ट किया है कि एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म पर केवल कमर्शियल वाहन ही चलाए जा सकते हैं। यदि कोई प्राइवेट नंबर का वाहन यात्रियों को किराए पर ले जाते हुए मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शहर में ओला-रैपिडो जैसी सेवाओं के जरिए 10 हजार से अधिक बाइक के बाइक टैक्सी के रूप में इस्तेमाल होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, परिवहन विभाग के अनुसार भोपाल में कमर्शियल नंबर वाली बाइक की संख्या करीब 200 से 300 के बीच है। टैक्सी यूनियनों का दावा है कि एग्रीगेटर कंपनियों के प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में निजी नंबर वाली बाइक और कारें यात्रियों को ले जा रही हैं। हालांकि, ऐसे वाहनों की वास्तविक संख्या का आधिकारिक आंकड़ा परिवहन विभाग के पास उपलब्ध नहीं है। टैक्सी यूनियन ने कहा- कमर्शियल टैक्सी चालक परमिट समेत कई अनिवार्य औपचारिकताएं पूरी कर वाहन चलाते हैं। टैक्सी यूनियन ने कहा- कमर्शियल टैक्सी चालक परमिट, फिटनेस, बीमा समेत कई अनिवार्य औपचारिकताएं पूरी कर वाहन चलाते हैं।

#### 18-19 अगस्त की हड़ताल में उठा था मुद्दा

भोपाल में 18 और 19 अगस्त को टैक्सी यूनियनों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की थी। इस दौरान ओला, उबर और रैपिडो जैसे एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म पर निजी नंबर वाले वाहनों के इस्तेमाल का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था। यूनियन की मांग थी कि एग्रीगेटर कंपनियों के जरिए केवल वैध कमर्शियल वाहनों से ही यात्रियों का परिवहन कराया जाए। अब परिवहन विभाग ने भी गैर-कमर्शियल वाहनों के व्यावसायिक इस्तेमाल पर कार्रवाई की बात कही है।



#### निजी बाइक पर कार्रवाई हुई तो राइड की संख्या घट सकती है

परिवहन विभाग की कार्रवाई का असर उन बाइक टैक्सी सेवाओं पर पड़ सकता है, जिनमें निजी नंबर वाले दोपहिया वाहन इस्तेमाल किए जा रहे हैं। ऐसी बाइक पर कार्रवाई होने की स्थिति में ओला और रैपिडो की बाइक राइड की उपलब्धता कम हो सकती है।

हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि बाइक टैक्सी सेवा पूरी तरह बंद हो जाएगी। कमर्शियल नंबर वाले और नियमों के तहत पंजीकृत वाहन यात्री परिवहन में संचालित किए जा सकेंगे। कमर्शियल वाहनों को परमिट, फिटनेस और बीमा जैसी औपचारिकताएं पूरी करनी होती हैं टैक्सी यूनियन कल्याण समिति संपूर्ण भारत के वरिष्ठ राष्ट्रीय सचिव नफीस उद्दीन ने कहा कि कमर्शियल वाहन चलाने वाले चालक परमिट, फिटनेस, बीमा, टैक्स समेत कई अनिवार्य औपचारिकताएं पूरी करते हैं। उनका कहना है कि निजी वाहनों से यात्रियों को ले जाने पर नियमों का पालन करने वाले कमर्शियल वाहन चालकों को आर्थिक नुकसान होता है। इसलिए गैर-कमर्शियल वाहनों के व्यावसायिक इस्तेमाल पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए।

## खजाने की तलाश में 20 फीट सुरंग खोद दी

# नरवर किले से 13 तोपें गायब, कभी 26 थीं, 3.5 टन वजनी तोप भी उठा ले गए बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शिवपुरी

शिवपुरी के नरवर किले की ऐतिहासिक कचहरी से 15-16 जुलाई की दरमियानी रात 3.5 टन वजनी तोप चोरी हुए एक माह बीत चुका है। पुलिस की जांच राजस्थान तक पहुंच गई है। संदिग्धों से पूछताछ हुई, वारदात में इस्तेमाल वाहन जब्त किया गया और संभावित ठिकानों पर जेसीबी व मेटल डिटेक्टर से तलाश भी की गई, लेकिन तोप का अब तक कोई सुराग नहीं मिला।



मामला सिर्फ एक तोप की चोरी तक सीमित नहीं है। किले की तोपों की नंबरिंग 26 तक है, लेकिन कचहरी में अब सिर्फ 13 तोपें मौजूद हैं। 2011 में चोरी के बाद बरामद एक तोप आज भी नरवर थाने में पड़ी है। वहीं 2007 में चोरी हुई दूसरी तोप का भी कोई स्पष्ट रिकॉर्ड सामने नहीं है। यानी सवाल सिर्फ 15-16 जुलाई की चोरी का नहीं, बल्कि नरवर किले से वर्षों में गायब हुई ऐतिहासिक तोपों के पूरे हिसाब का है। कचहरी परिसर में रखी तोपों की पहचान 26 नंबर तक होने की जानकारी सामने आई। वर्तमान में कचहरी में 13 तोपें मौजूद हैं। 15-16 जुलाई की रात चोरी हुई तोप को जोड़ें तो कचहरी की 14 तोपों का हिसाब बनता है। इसके अलावा 2011 में चोरी के मामले में बरामद एक ऐतिहासिक तोप नरवर थाने में रखी है। इस तरह वर्तमान में कुल 15 तोपों का पता सामने आता है। इस हिसाब से 26 नंबरिंग वाली बाकी तोपें कहां गईं? यह सवाल अब पुरातत्व विभाग और प्रशासन के सामने सबसे महत्वपूर्ण जांच बिंदुओं में से एक होना चाहिए।

#### दो संदिग्ध गिरफ्तार, पूछताछ में जुटी पुलिस

नरवर किले से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। दोनों से पूछताछ कर पुलिस चोरी हुई तोप तक पहुंचने और वारदात में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जानकारी जुटा रही है। पुलिस जांच में चोरी की वारदात की कड़ियों को राजस्थान से भी जोड़कर देखा जा रहा है। नरवर किले पर शोध करने वाले डॉ. मनोज माहेश्वरी ने वर्ष 1998 में किले पर शोध के बाद पीएचडी प्राप्त की थी। उनके अनुसार करीब वर्ष 1985 में उन्होंने किले में 18 तोपें देखी थीं। बाद में दस्तावेजीकरण के दौरान इनकी संख्या 14 रह गई। वहीं किले के इतिहास और तोपों की जानकारी रखने वाले बसर अली के अनुसार राजाओं के समय नरवर में करीब 26 तोपें सुरक्षित रही होंगी। इन आंकड़ों को वर्तमान स्थिति से जोड़ने पर किले की ऐतिहासिक तोपों का पूरा दस्तावेजी ऑडिट कराने की जरूरत सामने आती है।

### पहाड़ी से वाहनों पर पथराव..., 6 ट्रक के कांच फूटे, 10 किमी लंबा जाम लगा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ ललितपुर

ललितपुर-लखनादौन राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर शुक्रवार दोपहर कैंट थाना क्षेत्र के गयागंज मोड़ के पास पहाड़ी से गुजर रहे भारी वाहनों पर अचानक पथराव किया गया। असामाजिक तत्वों द्वारा किए गए पथराव से वाहन चालकों में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान छह से अधिक भारी वाहनों की सामने की विंडशील्ड के कांच टूट गए। पत्थर लगने से एक युवक घायल हो गया। तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना दोपहर करीब 3 बजे की है। वाहन चालक गयागंज मोड़ के पास से गुजर रहे थे, तभी पहाड़ी के ऊपर से अचानक पत्थर फेंके जाने लगे। कुछ ही देर में कई वाहनों के सामने के कांच टूट गए। अचानक हुए हमले से वाहन चालक घबरा गए और उन्होंने वाहन सड़क पर ही रोक दिए। पथराव से नाराज वाहन चालकों ने सड़क पर वाहन खड़े कर दिए, जिससे देखते ही देखते करीब 10 किमी लंबा जाम लग गया। जाम में भारी वाहनों के अलावा एंबुलेंस, दोपहिया और अन्य यात्री वाहन भी फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद मार्ग पर यातायात सामान्य कराया।

## एमपी में बन रहे 4 मेगा कॉरिडोर

# भोपाल से जबलपुर 3 तो रायपुर 7 घंटे में

## सिंहस्थ और 2028 चुनाव से पहले बदलेगी तस्वीर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल




*नोट- इस रूट पर 8.35 किमी के तीन नए बायपास बनाए जाएंगे। इनमें सूखी सेवनिया (1.80 किमी), बेरखेड़ी (1.35 किमी) और सलामतपुर (5.10 किमी) शामिल हैं।*

भोपाल से रायपुर का सफर 15 से घटकर 7 घंटे और भोपाल से जबलपुर का 6 से 3 घंटे हो जाएगा। अगले दो साल में भोपाल को केंद्र मानकर चार बड़े इकोनॉमिक कॉरिडोर तैयार होने हैं। इनसे शहरों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी और आर्थिक गतिविधियों को भी रफ्तार मिलेगी। 2028 के सिंहस्थ और विधानसभा चुनाव से पहले इन प्रोजेक्ट्स को अहम माना जा रहा है। राज्य कैबिनेट ने पिछले सप्ताह भोपाल-विदिशा 4-लेन प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। यह भोपाल-कानपुर कॉरिडोर का अहम हिस्सा होगा।

**क्यों जरूरत पड़ी:** इस सड़क पर ट्रैफिक करीब 10,975 ढउव है, जबकि 2-लेन सड़क की मानक क्षमता 10,000 ढउव है। यानी मौजूदा ट्रैफिक क्षमता से अधिक है, इसलिए सड़क को 4-लेन किया जा रहा है।

**प्रोजेक्ट प्रोफाइल:** 44.83 किमी लंबे प्रोजेक्ट की लागत 1,757.55 करोड़ है। यह भानपुरा टी-जंक्शन (अयोध्या बायपास रोड) से सांची-सलामतपुर जंक्शन तक बनेगा।

क्या है ल्रअट मॉडल: प्रोजेक्ट हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (ल्रअट) पर बनेगा। इसमें 40% निवेश सरकार और 60% निजी डेवलपर करता है। सड़क के निर्माण के बाद लंबे समय तक रखरखाव की जिम्मेदारी भी डेवलपर की होती है।

**भोपाल से रायपुर: सफर 15 से घटकर 7 घंटे होगा-** सरकार ने जबलपुर-भोपाल ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे और जबलपुर-मंडला-छत्तीसगढ़ सीमा 6-लेन मार्ग को मंजूरी दी है। एक्सप्रेसवे पर वाहनों की अधिकतम गति 120 किमी प्रति घंटा होगी।

**भोपाल से जबलपुर:** अभी 320 किमी की दूरी तय करने में 5 से 6 घंटे लगते हैं। नया हाईवे बनने के बाद दूरी 255 किमी और यात्रा का समय करीब 3 घंटे रह जाएगा।

**जबलपुर से रायपुर:** अभी 7 से 8 घंटे लगते हैं। 6-लेन कॉरिडोर बनने के बाद यात्रा का समय घटकर 3.5 से 4 घंटे रह जाएगा।

# राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए मप्र के दो शिक्षक चयनित

## भोपाल की डॉ. अर्चना शुक्ला, सीधी के शैलेंद्र प्रताप सिंह को नई दिल्ली में मिलेगा सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश के लिए शिक्षक दिवस इस बार खास उपलब्धि लेकर आएगा। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए प्रदेश के दो सरकारी शिक्षकों का चयन हुआ है। भोपाल की डॉ. अर्चना शुक्ला और सीधी के शैलेंद्र प्रताप सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। दोनों को 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। भोपाल से सांदीपनि विद्यालय महात्मा गांधी की उच्च माध्यमिक शिक्षिका डॉ. अर्चना शुक्ला का चयन राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए किया गया है। वे विद्यालय में उच्च माध्यमिक स्तर पर शिक्षण कार्य कर रही हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए उनका चयन राजधानी के शिक्षा जगत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। सीधी जिले से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंजवार के माध्यमिक शिक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह को पुरस्कार के लिए चुना गया है। उनके चयन के साथ प्रदेश के दो अलग-अलग क्षेत्रों से सरकारी स्कूलों में सेवाएं दे रहे शिक्षकों को राष्ट्रीय मंच पर पहचान मिली है। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए मध्य प्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़ के एक सरकारी शिक्षक का भी चयन हुआ है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूल एमएस खिचारी की शिक्षिका सुनीता यादव का नाम भी चयनित शिक्षकों में शामिल है।

#### 5 सितंबर को दिल्ली में होगा समारोह

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को प्रदान किया जाता है। इस वर्ष चयनित शिक्षकों को 5 सितंबर, शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा। मध्य प्रदेश से दो सरकारी शिक्षकों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने से उनके विद्यालयों और संबंधित जिलों में भी खुशी का माहौल है।

### छिंदवाड़ा में रक्षाबंधन से पहले मिलावट पर शिकंजा:4 टीमों ने 200 से ज्यादा सैंपल लिए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा में रक्षाबंधन के त्योहार से पहले छिंदवाड़ा में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिले की अलग-अलग तहसीलों में खाद्य सुरक्षा विभाग की चार टीमें लगातार दुकानों और प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर रही हैं। दूध, मावा, मिठाई और त्योहार में इस्तेमाल होने वाले दूसरे खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जा रहे हैं।

पिछले एक महीने में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों गोपेश मिश्रा, रूपराम सनोडिया, पंकज कुमार घाघरे और संध्या मार्को की टीमों ने छिंदवाड़ा शहर के अलावा परासिया, मोहखेड़, बिछुआ, तामिया, जुन्नारदेव, पांढुर्णा, सौंसर, चौरई और उमरेठ क्षेत्र में कार्रवाई की है। अभियान के दौरान दूध और दूध से बने उत्पादों के साथ ही त्योहार में इस्तेमाल होने वाली मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों के 200 से अधिक नमूने जांच के लिए लिए गए हैं। खाद्य विभाग की टीमों की लगातार कार्रवाई से दुकानदारों में भी हड़कंप की स्थिति है।

इसी दौरान विभाग ने 108 किलो संदिग्ध गोवर्धन घी भी जब्त किया है। अब इसकी गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि घी मानकों पर खरा उतरता है या नहीं। खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई के दौरान लिए गए सभी सैंपल भोपाल स्थित प्रयोगशाला भेज दिए हैं। अब अधिकारियों को जांच रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट में यदि कोई खाद्य पदार्थ अमानक या मिलावटी पाया जाता है, तो संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। रक्षाबंधन को देखते हुए खाद्य विभाग ने साफ किया है कि मिलावटखोरी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। खासतौर पर दूध, मावा, घी और मिठाइयों की गुणवत्ता पर नजर रखी जा रही है, ताकि त्योहार के दौरान लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिल सके। फिलहाल 200 से ज्यादा सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद तस्वीर साफ होगी कि इनमें से कितने खाद्य पदार्थ मानकों पर खरे उतरते हैं और कितनों पर कार्रवाई होती है।

# रीवा समेत विंध्य के 7 जिलों में तेज बारिश

## मऊगंज, सतना और चित्रकूट में नदियां उफान पर, 24 घंटे एक्टिव कंट्रोल रूम के साथ शहर में 15 राहत शिविर बनाए गए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

विंध्य क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश ने एक बार फिर लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शुक्रवार शाम से शुरू हुआ बारिश का यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा, जिसकी वजह से शनिवार सुबह तक रीवा समेत आसपास के कई जिलों में हालात काफी बिगड़ गए। रीवा शहर के कई इलाकों में पानी भर जाने से आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो चुका है।

निचले इलाकों में सड़कें पानी में पूरी तरह डूब गई हैं और लोगों को आवागमन में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही इस बारिश के चलते क्षेत्र की नदियों और बरसाती नालों का जलस्तर भी काफी तेजी से बढ़ा है। रीवा शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। सड़कें और नालियां एक समान पानी से भर जाने के कारण लोगों की मुसीबतें बढ़ गई हैं। निराला नगर हॉस्टल, नीम चौराहा, बोदाबाग, समान बांध मोहल्ला, लाखोरीबाग, उपरहटी, तरहटी, संजय नगर, और अरुण नगर-अनंतपुर जैसे क्षेत्रों में पानी भर गया है।

कुछ स्थानों पर बारिश का पानी लोगों के घरों और दुकानों तक पहुंच गया, जिसके कारण लोग अपने जरूरी सामान को सुरक्षित करने में लगे रहे। शहर की कई प्रमुख सड़कों पर जलजमाव हो जाने से गाड़ियों की आवाजाही पर भी काफी असर पड़ा है।

रीवा जिले के ग्रामीण अंचलों में भी बारिश का गहरा असर देखने को मिल रहा है। नदी-नालों में उफान आने से कई गांवों के रास्ते प्रभावित हुए हैं। तटीय इलाकों में बढ़ी चिंता:तमसा, बेलन और नैना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे नदी के किनारे बसे गांवों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई है। पुलिस और प्रशासन की टीमें प्रभावित क्षेत्रों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और लोगों को तेज बहाव वाले स्थानों से दूर रहने की हिदायत दी जा रही है।

रीवा से अलग हुए मऊगंज जिले में भी लगातार बारिश से जलभराव और बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। ग्रामीण इलाकों में आवागमन पूरी तरह प्रभावित हुआ है और निचले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। दोनों जिलों में बारिश से सड़कें जलमग्न हो गई हैं, जिससे वाहनों की रफ्तार काफी धीमी पड़ गई है। कई जगहों पर सड़कों पर पानी जमा रहने से तालाब जैसा नजारा बन गया है। बारिश का दौर जारी रहने से नदी-नालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है, जिसे देखते हुए प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है।



# 'दीपिका ने फिल्म स्पिरिट की कहानी लीक की थी'



प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट' से दीपिका पादुकोण के बाहर होने को लेकर नया खुलासा हुआ है। फिल्म के प्रोड्यूसर और डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा के भाई प्रणय रेड्डी वांगा ने न्यूज चैनल ठळश को दिए इंटरव्यू में दावा किया कि दीपिका को फिल्म से हटाया गया था।

उन्होंने बताया कि दीपिका ने भारी फीस के साथ फिल्म के मुनाफे में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी मांगी थी। जब मेकर्स ने उनकी मांग नहीं मानी और दूसरे ऑप्शन तलाशना शुरू किया, तो एक्ट्रेस ने फिल्म की कहानी और किरदार से जुड़ी जानकारी लीक कर दी।

'10% हिस्सेदारी मांगी, फिर कहानी लीक कर दी' प्रणय रेड्डी वांगा ने बताया कि उनके भाई संदीप रेड्डी वांगा लगभग डेढ़ साल से दीपिका को फिल्म में लेने के लिए बातचीत कर रहे थे। लेकिन दीपिका ने ज्यादा फीस के साथ-साथ 10 प्रतिशत प्रॉफिट शेयर की शर्त रख दी। प्रणय ने कहा कि मेकर्स के बजट में यह मांग सही नहीं बैठ रही थी। जब मेकर्स ने किसी दूसरे स्टार को कास्ट करने पर विचार शुरू किया, तो दीपिका ने फिल्म का प्लॉट लीक कर दिया। प्रणय के मुताबिक, कहानी लीक होने से संदीप काफी नाराज हुए थे।

प्रणय रेड्डी वांगा ने इंटरव्यू में बिना नाम लिए दीपिका पर निशाना साधा।

# ओरी बोले- आकांक्षा चमोला आस्तीन का सांप हैं, गौरव खन्ना के नाम से व्यूज बढ़ा रही हैं

## शो में किया था गौरव से तलाक का खुलासा

सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ओरी ने गौरव खन्ना को तलाक देने के मामले में आकांक्षा चमोला पर निशाना साधा है। ओरी (ओरहान आवत्रामाणि) ने आकांक्षा चमोला को 'आस्तीन का सांप' कहा है। एक इंस्टाग्राम पोस्ट पर कमेंट करते हुए ओरी ने लिखा कि आकांक्षा अपने पति गौरव के नाम का इस्तेमाल सिर्फ व्यूज और रीच बढ़ाने के लिए कर रही हैं। यह विवाद तब शुरू हुआ जब एक शो में आकांक्षा ने गौरव से 18 महीने से अलग रहने और तलाक लेने का खुलासा किया था।

ओरी बोले- गौरव का नाम इस्तेमाल कर व्यूज बढ़ा रहीं सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की गई थी, जिसमें सवाल उठाया गया था कि क्या आकांक्षा चमोला और शगुन पांडे मिलकर गौरव खन्ना की इमेज खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए ओरी ने लिखा कि आकांक्षा सिर्फ गौरव का नाम इस्तेमाल कर रही हैं।

ओरी ने बताया कि शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग के दौरान उन्होंने केप टाउन में एक महीने तक गौरव के साथ वैनिटी वैन शेयर की थी। उस वक्त तक उन्हें यह भी नहीं पता था कि गौरव शादीशुदा हैं, क्योंकि वे अपने निजी जीवन को काम से अलग रखते हैं।

### आकांक्षा को बताया 'आस्तीन का सांप'

ओरी ने अपने कमेंट में आकांक्षा के व्यवहार पर नाराजगी जताई। उन्होंने लिखा कि किसी अच्छे और सीधे इंसान की परीक्षा लेना और उसका फायदा उठाना गलत बात है। ओरी ने आगे लिखा, यह लड़की



आस्तीन का सांप है। उन्होंने आरोप लगाया कि आकांक्षा तलाक की बात को पब्लिसिटी का जरिया बना रही हैं, जिससे गौरव की छवि को नुकसान पहुंच रहा है।

आकांक्षा चमोला ने हाल ही में रियलिटी शो 'लॉक अप 2' के प्रीमियर एपिसोड में अपने और गौरव खन्ना के अलग होने की बात कही थी। उन्होंने बताया था कि वे दोनों पिछले 18 महीनों से अलग रह रहे हैं और जल्द ही कानूनी रूप से अलग हो जाएंगे। इसके अलावा आकांक्षा ने शो में खुद के 'बायसेक्सुअल' होने की बात भी कबूली थी। इस दौरान गौरव खन्ना ने पूरे मामले पर पूरी तरह चुप्पी साधे रखी है। एक रील बनाने के 76 लाख लेते हैं ओरी ओरी, जिनका असली नाम ओरहान अवत्रामानी है, लंबे समय से अपनी कमाई और प्रोफेशन को लेकर चर्चा में रहे हैं। हाल ही में उन्होंने इस बात का खुलासा किया कि वे पैसे कैसे कमाते हैं।

### कौन हैं ओरहान अवत्रामानी?



ओरी को पहली बार अंबानी परिवार के कार्यक्रमों और बॉलीवुड हस्तियों के साथ वैकेशन्स पर स्पॉट किया गया था। इंस्टाग्राम पर उनके 2.5 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

वे अक्सर जान्हवी कपूर, खुशी कपूर और इंडस्ट्री के अन्य बड़े सितारों के साथ देखे जाते हैं। ओरी ने अब तक बॉलीवुड के कई हाई-प्रोफाइल इवेंट्स में अपनी मौजूदगी से एक खास जगह बना ली है। वे अक्सर अपने क्रिप्टिक जवाबों के कारण भी चर्चा में रहते हैं।




# श्वेता तिवारी को मराठी यूजर्स ने दीं भद्दी गालियां



एक्ट्रेस श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर मिल रहीं भद्दी गालियों पर भड़क गई हैं। उन्होंने गाली देने वाले यूजर्स की प्रोफाइल और उनके परिवार की तस्वीरें शेयर की हैं। साथ ही एक्ट्रेस ने राज ठाकरे से पूछा है कि क्या उनके सपोर्टर्स ऐसे हैं, जो खुद को मराठी कहते हैं और महिलाओं को घटिया गालियां देते हैं।

श्वेता तिवारी ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम से कुछ ऐसी प्रोफाइल भी शेयर कीं, जिनमें ट्रोलर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के चीफ राज ठाकरे की पार्टी से जुड़ा नजर आ रहा था।

श्वेता ने इसके साथ लिखा, आज मैं ऐसी एक बात करना चाहती हूं जो बहुत गहरी चिंता का विषय है और दुर्भाग्य से सोशल मीडिया पर बहुत आम हो चुकी है, किसी भी महिला को गंदी गाली देना। किसी भी महिला को। किसी भी उम्र की। किसी भी पेशे से जुड़ी हुई। कोई भी पुरुष, किसी भी बैकग्राउंड से, ऑनलाइन आकर किसी भी महिला को आपत्तिजनक शब्द कह सकता है।

# अक्षय कुमार 1 महीने में दूसरी बार गिरते-गिरते बचे




बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार एक बार फिर गिरते-गिरते बचे हैं। अक्षय और सैफ अली खान अपनी आने वाली फिल्म 'हैवान' के प्रमोशन के लिए कौन बनेगा करोड़पति के सेट पर एक साथ पहुंचे थे। इसी दौरान पैपराजी को पोज देते वक्त अक्षय कुमार के पीछे मौजूद दरवाजा खुल गया, जिससे उनका बैलेंस बिगड़ गया और वे गिरते-गिरते बचे। पास ही खड़े सैफ अली खान ने तुरंत उन्हें संभाल लिया। इसके बाद दोनों स्टार्स हंसते हुए नजर आए। दोनों कलाकार 18 साल के लंबे गैप के बाद एक बार फिर किसी फिल्म में साथ काम कर रहे हैं।

पीछे खुला दरवाजा बना बैलेंस बिगड़ने की वजह प्रमोशन के दौरान सैफ अली खान पैपराजी को पोज दे रहे थे। तभी अक्षय कुमार भी उनके पास आकर खड़े हो गए। पोज देते समय अक्षय अपने पीछे बने एक दरवाजे से टिकने लगे, लेकिन दरवाजा खुला होने के कारण वे पीछे की तरफ झुक गए।

इससे उनका बैलेंस बिगड़ गया और वे लड़खड़ाने लगे। तुरंत ही सैफ अली खान ने हाथ बढ़ाकर अक्षय को पकड़ा और गिरने से बचा लिया। संतुलन बनने के बाद दोनों स्टार्स हंसने लगे।

### एक महीने में दूसरी बार बिगड़ा अक्षय का बैलेंस

अक्षय कुमार के साथ यह घटना एक महीने में दूसरी बार हुई है। इससे पहले जुलाई में जब अक्षय लंदन में थे, तब भी सड़क पर चलते समय उन्हें ठोकर लग गई थी। उस वक्त भी उनके साथ सैफ अली खान ही मौजूद थे। हालांकि, लंदन में हुए उस वाकये के दौरान अक्षय ने खुद को ही संभाल लिया था।

कैजुअल लुक में प्रमोशन करने पहुंचे दोनों स्टार्स प्रमोशन इवेंट के दौरान दोनों एक्टर्स का कैजुअल लुक देखने को मिला। अक्षय कुमार ब्राउन चेक्ड शर्ट, ब्लैक ट्राउजर और ब्लैक कैप पहने नजर आए। वहीं सैफ अली खान ब्लैक फुल-स्लीव टी-शर्ट, लाइट ब्लू जींस और चश्मे में पहुंचे थे। पोज देते समय अक्षय ने सैफ के कंधे पर हाथ रखा और दोनों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



## रंग भरकर चित्र बनाओ







## जोक्स

पति-पत्नी चोरी के बारे में बात कर रहे थे...
पति - जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है...?
पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत पछताता है...!



कभी भी अकेलेपन का अहसास सताए, लाइट्स बंद करके भूत वाली मूवी देखो...अकेलापन महसूस नहीं होगा

पत्नी (पति से) - कहां जा रहे हो...?
पति - मरने जा रहा हूं...!
पत्नी - साथ में थैली लेकर जाना...
पत्नी - इरादा बदल जाए, तो आते समय कुछ सब्जियां लेते आना...!



## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. ईसा मसीह-3
3. जवान, तरुण-3
5. आकाश, व्योम-2
6. परत, अस्तर-2
8. गर्जना, दहाड़ना-4
11. मदद, आराम-3
13. सुगंध, खुशबू-3
14. धूल, मिट्टी-2
15. छत्तीसगढ़ की राजधानी-2
16. पिता, आविष्कारक-3
18. नस्ल जाति, प्रजाति-3
20. ओस, रजनीजल-4
23. भीगा हुआ-2
25. बल, ताकत, दम-2
26. तु या घी में पकाना-3
27. मसाज-3

**ऊपर से नीचे**
1. रसना, जिव्हा-2
2. सचेत, सावधान-3
3. जरुरत, आवश्यकता-3
4. ऋतु, मौसम-2
5. दृश्य, तमाशा-3
7. कंठ, गला-3
9. रीती, रिवाज-2
10. प्रसिद्ध, नामवर-4
12. तीर रखने का पात्र-4
16. भूमि, धरा-3
17. खदान, माइन-2
19. तरंग, हिलोर-3
21. प्रवाहित करना-3
22. भीड़, समूह-3
24. राय, वोट-2
25. उत्साह, ललक-2

## माथा पच्ची



**संकेत**

## शब्दों का जाल



## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 5 | 4 | 3 | | 1 |
| | 33 | | 29 | | 33 | |
| 6 | 7 | | 1 | | | 2 |
| | 42 | 4 | 29 | 4 | 25 | |
| 5 | | 7 | | | | 3 |
| | 37 | 6 | 32 | 2 | 33 | 7 |
| 3 | | 1 | | | 6 | |

**प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.**

### माथा पच्ची का हल



### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 |
| 1 | 37 | 6 | 29 | 2 | 29 | 6 |
| 6 | 7 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 38 | 4 | 29 | 4 | 29 | 4 |
| 5 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 3 |
| 7 | 33 | 2 | 32 | 6 | 37 | 7 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 5 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकु बवाल

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु बवाल ___ का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

## बंबई हाईकोर्ट लिपिक परीक्षा दोबारा हो : पाटिल

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल ने बंबई हाईकोर्ट लिपिक परीक्षा दोबारा कराने की मांग की है। पाटिल ने कहा कि तकनीकि खामी के चलते सैकड़ों आवेदकों का पेपर खराब हो गया। बंबई उच्च न्यायालय में लिपिक और आशुलिपिक की भर्ती के लिए नए सिरे से परीक्षा आयोजित करना अभ्यर्थियों के हित में है।

## कठुआ में ड्रग तस्कर की गाड़ी अटैच

जम्मू। कठुआ पुलिस ने ड्रग तस्करी में शामिल होने वाली कार को अटैच किया है। यह गाड़ी कठुआ जिले के बिलावर इलाके में एक नारकोटिक्स केस से जुड़ी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जब्त की गई कार शब्बीर शाह के नाम पर रजिस्टर्ड है। कार को अपराध की आय से खरीदी गया था।

## तेंदुए के हमले में तीन वर्षीय बच्चे की जान गई

जयपुर। राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में तेंदुए के हमले में तीन वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। वन अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रणथंभौर टाइगर रिजर्व के उप वन संरक्षक मानस सिंह ने कहा कि दिलखुश बैरवा गुरुवार को अपने घर में खेल रहा था। तभी तेंदुआ उसे खींचकर जंगल की ओर ले गया।

## सोमनाथ में 30 फुट गहरे कुएं में मृत मिला शेर

गिर सोमनाथ। गुजरात के गिर सोमनाथ जिले के एक गांव में शुक्रवार को 30 फुट गहरे कुएं में एक शेर मरा हुआ मिला। सहायक वन संरक्षक कपिल भाटिया ने यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि तीन से पांच साल की उम्र के शेर का शव गिर गढडा तालुका के धोकड़वा गांव में मिला। कहा जा रहा है कि शेर गहरे पानी से भरे कुएं में गिरा, जब उसने कुएं को ढकने वाला जाल फाड़ दिया।

## भ्रष्टाचार हुआ तो कार्रवाई करें सीएमः उदयनिधि

चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय को चुनौती दी। कहा कि वे पिछली डीएमके सरकार के कार्यकाल में हुए कथित भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई करें। स्टालिन ने पूछा कि आखिर मुख्यमंत्री को पिछली सरकार के बारे में किए अपने दावे को पूरा करने में समय क्यों लग रहा है।

## गैंगरेप के बाद शव कुएं में फेंका, चार हिरासत में

रायचूर। कर्नाटक के रायचूर जिले में एक 21 साल की महिला का कथित तौर पर अपहरण कर गैंगरेप करके हत्या कर दिया गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि वारदात 19 अगस्त को हुई थी। महिला के पिता की शिकायत के आधार पर चार आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। शिकायत में कहा गया है कि महिला शाम को शौच के लिए मंदिर की ओर गई थी तभी आरोपियों ने उसका अपहरण कर लिया और गैंगरेप के बाद हत्या कर दी।

## 13 खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित

मुंबई। महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता मानकों के उल्लंघन को लेकर मुंबई के बॉम्बे प्रेसिडेंसी रेडियो क्लब और एक मैकडॉनल्ड्स आउटलेट समेत राज्य के 13 खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए। क्लब की रसोई में बड़ी संख्या में मक्खियां और मरे हुए कॉकरोच पाए गए। इसके अलावा खाद्य सामग्री को सीधे फर्श पर रखने, रसोई के पास रसायन रखने वाले स्थान के ऊपर उखड़ा हुआ प्लास्टर पाया गया।

## हिंसा पर ऐप कैब चालक संघ ने माफी मांगी

भुवनेश्वर। भुवनेश्वर में कैब चालकों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा के दो दिन बाद स्मार्ट सिटी ऑनलाइन ऑटो-टैक्सी ड्राइवर्स यूनियन ने शुक्रवार को जनता को हुई असुविधा के लिए माफी मांगी। उन्होंने सरकार से पुलिस द्वारा जब्त किए गए वाहनों को छोड़ने का आग्रह किया। यूनियन के अध्यक्ष दीनबंधु नाईक ने एक वीडियो संदेश में कहा कि प्रदर्शनकारियों ने व्यवस्था में आए व्यवधान की जिम्मेदारी स्वीकार की है।

## सोहराबुद्दीन मामले में फैसले को चुनौती दी

नई दिल्ली। गुजरात के गैंगस्टर सोहराबुद्दीन शेख, उसकी पत्नी कौसर बी और सहयोगी तुलसीराम प्रजापति से जुड़े 2005 के कथित फर्जी मुठभेड़ मामले में 21 पुलिसकर्मियों समेत 22 आरोपियों को बरी किए जाने के बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। सोहराबुद्दीन के छोटे भाई नायबुद्दीन शेख ने हाईकोर्ट के सात मई के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है।

# अमेरिकी वॉरशिप जॉर्ज वॉशिंगटन की अरब सागर में एंट्री

### 250 दिन से तैनात लिंकन की जगह ली; अब चीन के पास कोई अमेरिकी एयरक्राफ्ट नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिकी वॉरशिप यूएसएस जॉर्ज वॉशिंगटन ने गुरुवार से पश्चिम एशिया में ऑपरेशन शुरू कर दिया है। यह 250 दिन से क्षेत्र में तैनात वरर अब्राहम लिंकन की जगह पहुंचा है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इसकी जानकारी दी है।

लिंकन पर तैनात अमेरिकी सैनिक लंबे समय से ड्यूटी पर थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक सैनिकों ने जहाज पर खराब शौचालय, फफूंद लगे शॉवर, दूषित पानी जैसी परेशानियों की शिकायत की थी। कुछ सैनिकों की तबीयत भी खराब हो गई थी जिसके बाद उनके परिवारों ने उनकी हालत को लेकर चिंता जताई थी।

यूएसएस जॉर्ज वॉशिंगटन की तैनाती ऐसे समय हुई है जब ईरान को लेकर क्षेत्र में तनाव बना हुआ है। इससे पहले यह साउथ चाइना सी में तैनात था। अब वहां कोई अमेरिकी एयरक्राफ्ट मौजूद नहीं है। यूएसएश जॉर्ज वॉशिंगटन के अरब सागर चले जाने से अब साउथ चाइना सी में अमेरिका का एक भी एयरक्राफ्ट कैरियर नहीं है। यह अमेरिका के लिए बेहद अहम इलाका है। यहां चीन, ताइवान, फिलीपींस, वियतनाम जैसे देश हैं।



### दो अमेरिकी वॉरशिप अरब सागर में तैनात

अमेरिका के पास 11 परमाणु एयरक्राफ्ट कैरियर हैं। इसमें से 2 एयरक्राफ्ट कैरियर जॉर्ज वॉशिंगटन और जॉर्ज बुश अरब सागर में तैनात हैं। वहीं, वॉरशिप लिंकन अरब सागर से लौट रहा है। यह पहली बार नहीं है, जब जॉर्ज वॉशिंगटन अरब सागर में पहुंचा है। 1990 के दशक और 2000 के शुरूआती वर्षों में भी इसने फारस की खाड़ी में कई ऑपरेशन किए थे। इनमें इराक के कुवैत पर हमले के दौरान की गई तैनाती, 1994 का ऑपरेशन विजिलेंट वॉरियर, 1998 का ऑपरेशन डेजर्ट थंडर और 2002 में अफगान युद्ध के दौरान ऑपरेशन एंड्योरिंग फ्रीडम शामिल हैं।

# यूएन में चीफ गुटेरेस की जगह किसे मिलेगी, दूसरे दौर की वोटिंग, रेस में 8 दावेदार, कोस्टा रिका की ग्रिन्सपैन सबसे आगे

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र के मौजूदा महासचिव एंतोनियो गुटेरेस का दूसरा पांच साल का कार्यकाल 31 दिसंबर 2026 को खत्म होगा। उनके बाद अगला महासचिव चुनने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस पद के लिए इस समय 8 उम्मीदवार मैदान में हैं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 मेंबर सीक्रेट वोटिंग के जरिए इन उम्मीदवारों के समर्थन का अंदाजा लगा रहे हैं। पिछले महीने हुए पहले अनौपचारिक मतदान में कोस्टा रिका की रेबेका ग्रिन्सपैन सबसे आगे रहीं।

दूसरे दौर का अनौपचारिक मतदान होगा। इसके बाद भी कई अनौपचारिक पोल हो सकते हैं, जिनमें धीरे-धीरे उम्मीदवारों की संख्या कम होगी। अक्टूबर में औपचारिक चुनाव हो सकते हैं। महासचिव की रेस में कौन जीतेगा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। 5 स्थायी मेंबर की सहमति सबसे जरूरी है। (फाइल फोटो)

महासचिव की रेस में कौन जीतेगा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। 5



स्थायी मेंबर की सहमति सबसे जरूरी है। (फाइल फोटो)

संयुक्त राष्ट्र का महासचिव सीधे जनता या सभी देशों के वोट से नहीं चुना जाता। पहले सुरक्षा परिषद उम्मीदवारों पर विचार करती है और गुप्त मतदान के जरिए यह पता लगाती है कि किस उम्मीदवार को कितना समर्थन मिल रहा है। सुरक्षा परिषद में कुल 15 सदस्य होते हैं। किसी उम्मीदवार को आगे बढ़ने के लिए कम से कम 9 वोट मिलने जरूरी हैं। लेकिन 9 वोट हासिल करना ही काफी नहीं है। सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस में से किसी एक का वीटो भी उम्मीदवार के खिलाफ नहीं होना चाहिए।

इसके बाद सुरक्षा परिषद जिस उम्मीदवार पर सहमत होती है, उसका नाम संयुक्त राष्ट्र महासभा के पास भेजा जाता है। महासभा की मंजूरी के बाद वह संयुक्त राष्ट्र का नया महासचिव बनता है।

गुटेरेस का कार्यकाल 31 दिसंबर 2026 को खत्म होगा। इसलिए उससे पहले नए महासचिव के चयन की प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी है।

इस रेस में शामिल 8 उम्मीदवारों का बैकग्राउंड अलग-अलग है। इनमें पूर्व राष्ट्रपति, वरिष्ठ राजनयिक और संयुक्त राष्ट्र के बड़े पदों पर काम कर चुके लोग शामिल हैं। जानते हैं कौन-कौन इस दौड़ में है और किसकी क्या दावेदारी है।

70 साल की रेबेका ग्रिन्सपैन फिलहाल इस रेस में सबसे आगे चल रही हैं। पिछले महीने हुए पहले अनौपचारिक मतदान में उन्हें सबसे ज्यादा समर्थन मिला था।

ग्रिन्सपैन कोस्टा रिका की पूर्व उपराष्ट्रपति हैं और संयुक्त राष्ट्र के व्यापार एवं विकास संगठन की प्रमुख हैं। उन्होंने महासचिव पद के लिए प्रचार करने के लिए अपनी मौजूदा जिम्मेदारियों से छुट्टी ली है। अगर ग्रिन्सपैन चुनी जाती हैं तो वह संयुक्त राष्ट्र की पहली महिला और पहली यहूदी महासचिव होंगी। उनके माता-पिता द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यूरोप से भागे यहूदी शरणार्थी थे।

# जिन्ना की बीमारी छिपाने वाले डॉक्टरों को पाकिस्तान सम्मानित करेगा

### मुंबई के दो डॉक्टरों ने 1946 में बताया था- जिन्ना को गंभीर टीबी

ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद

पाकिस्तान अपने संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की गंभीर बीमारी की जानकारी गुप्त रखने वाले मुंबई के दो डॉक्टरों को देश के बड़े नागरिक सम्मानों में से एक निशान-ए-इम्तियाज देगा।

दोनों डॉक्टरों ने 1946 में जिन्ना के एक्स-रे की जांच कर उन्हें गंभीर टीबी होने की जानकारी दी थी। पाकिस्तान के योजना मंत्री और अवॉर्ड्स कमेटी के अध्यक्ष अहसन इकबाल ने सोशल मीडिया पर बताया कि दोनों डॉक्टरों को सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों ने जिन्ना की बीमारी की बात किसी को नहीं बताई और उस समय ह्यचुपचाप लेकिन बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभाई। जिन्ना की बीमारी छिपाने वाले दोनों डॉक्टर मुंबई के पारसी समुदाय से थे। डॉ. जेआर पटेल और डॉ. जेए धायभो-कू ने 1946 में जिन्ना के एक्स-रे की जांच की थी। इसमें पता चला कि जिन्ना को गंभीर टीबी है।

फ्रीडम एट मिडनाइट किताब के मुताबिक, डॉक्टरों को लगा था कि जिन्ना के पास सिर्फ 1 से 2 साल का समय बचा है। उनकी बीमारी के बारे में बहुत कम लोगों को पता था। इनमें उनकी बहन फातिमा जिन्ना और दोनों डॉक्टर शामिल थे।

जिन्ना की बीमारी की बात छिपाए जाने को अक्सर भारत के बंटवारे और पाकिस्तान बनने से जोड़कर देखा जाता है।

पाकिस्तान के मंत्री अहसन इकबाल ने बताया कि पूर्व ब्रिटिश वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन ने कहा था कि अगर उन्हें उस समय पता होता कि जिन्ना गंभीर रूप से बीमार हैं, तो वे भारत की आजादी कुछ महीने टाल सकते थे। उनके मुताबिक, ऐसा होता तो शायद पाकिस्तान नहीं बनता।

हालांकि यह पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता कि जिन्ना की बीमारी सामने आने पर पाकिस्तान का बनना रुक ही जाता। पाकिस्तान बनने के करीब एक साल बाद जिन्ना की मौत 11 सितंबर 1948 को हुई थी । अब पाकिस्तान इन दोनों डॉक्टरों को मरणोपरांत सम्मान देने जा रहा है।




# मां छिन्नमस्तिका सीमेंट एंड इस्पात फैक्ट्री में हादसा

ब्रह्मास्त्र ›› रांची

झारखंड के रामगढ़ के बरकाकाना में मां छिन्नमस्तिका सीमेंट एंड इस्पात फैक्ट्री में शुक्रवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। फैक्ट्री में काम के दौरान अचानक टरबाइन ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना जोरदार था कि प्लांट में भीषण आग लग गई। रात की शिफ्ट में काम कर रहे मजदूरों के बीच अफरा-तफरी मच गई।

हादसे में 3 इंजीनियर्स की झूलसने से मौत हो गई। वहीं एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान रांची के संजीव



कुमार केसरी (50), बोकारो के जगेश्वर बिहार के विनीत महतो (25) और गढ़वा निवासी अभिषेक पांडेय (24) के रूप में हुई है। घायल मजदूर हजारीबाग निवासी तरुण रजवार को रांची रोड स्थित दि हॉप हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। फैक्ट्री के पावर प्लांट यूनिट के इंचार्ज अनुराग त्रिपाठी ने इस हादसे के लिए प्रबंधन की लापरवाही को जिम्मेदार बताया है।

## पेरू में 6.7 तीव्रता का भूकंप आयाःकई इलाकों में झटके महसूस हुए

**पेरू।** पेरू के दक्षिणी हिस्से में गुरुवार को 6.7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप से नुकसान की कोई खबर नहीं मिली।

भूकंप स्थानीय समय के अनुसार दोपहर 1 बजे (भारतीय समयानुसार रात 11:30 बजे) आया। इसका केंद्र आयाकूचो क्षेत्र के पैरिनाकोचास प्रांत में उपाहुआचो शहर से 38 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में था। भूकंप का केंद्र जमीन से 66.7 किलोमीटर गहराई में था। दक्षिणी पेरू के कई इलाकों में इसके झटके महसूस किए गए, जिनमें इंका और अरेकिपा भी शामिल हैं। पेरू प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायर का हिस्सा है।

# इमरान खान अस्पताल से फिर जेल भेजे गए

### डॉक्टर बोले- पूर्व पीएम को जेल में रखना सुरक्षित; देर रात हॉस्पिटल में भर्ती किया था

ब्रह्मास्त्र ›› कराची

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को मेडिकल जांच के बाद शुक्रवार को इस्लामाबाद के शिफा इंटरनेशनल हॉस्पिटल से वापस अडियाला जेल भेज दिया गया। जियो न्यूज के मुताबिक, अस्पताल पहुंचने के बाद 6 डॉक्टरों की टीम ने उनकी मेडिकल जांच की।

जांच के बाद डॉक्टरों ने कहा कि इमरान खान को अस्पताल में भर्ती रखने की जरूरत नहीं है और उन्हें जेल में ही रखा जा सकता है। इसके बाद इमरान खान को कड़ी सुरक्षा के बीच वापस रावलपिंडी की अडियाला जेल ले जाया गया।

अस्पताल लाए जाने के बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। गुरुवार देर रात उन्हें अडियाला जेल से शिफा इंटरनेशनल हॉस्पिटल लाया गया था। इमरान के अस्पताल पहुंचने के बाद सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी



कर दी गई थी। अस्पताल की सभी लाइटें बंद कर दी गईं। स्टाफ के मोबाइल फोन भी जमा करा लिए गए और अस्पताल के बाहर मौजूद मीडिया को वहां से हटा दिया गया। मेडिकल जांच पूरी होने के बाद इमरान को वापस जेल भेज दिया गया। यह शिफा इंटरनेशनल अस्पताल के अंदर का फुटेज है। जहां लाइट्स बंद है, सिर्फ अंधेरा है। यह शिफा इंटरनेशनल अस्पताल के अंदर का फुटेज है। जहां लाइट्स बंद है, सिर्फ अंधेरा है। पाकिस्तान सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में दोबारा रिव्यू पिटीशन दाखिल की है। इसमें मांग की गई है कि इमरान खान को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल भेजने के आदेश को बदला जाए।

इससे पहले भी सरकार ने इसी मांग को लेकर रिव्यू पिटीशन दाखिल की थी। कोर्ट के रजिस्ट्रार ऑफिस ने जरूरी दस्तावेज पूरे नहीं होने की वजह से इसे लौटा दिया था। इमरान मई 2024 में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुप्रीम कोर्ट के सामने पेश हुए थे।

# ट्रम्प बोले- होर्मुज पर जल्द अमेरिका का फुल कंट्रोल होगा

### ईरान की नेवी और एयरफोर्स खत्म, उसके पास सिर्फ कुछ मिसाइल और ड्रोन बचे

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिका जल्द ही होर्मुज स्ट्रेट पर पूरी तरह कंट्रोल कर लेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हमलों में ईरान की नेवी, एयरफोर्स और मिलिट्री लीडरशिप को बहुत नुकसान हुआ है।

ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने दावा किया कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई करना जरूरी था। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर भविष्य में ईरान की ओर से फिर ऐसा खतरा पैदा हुआ, तो अमेरिका फिर से कड़े कदम उठाएगा।

ट्रम्प ने कहा कि ईरान के कई बड़े नेता अब नहीं रहे। इसके चलते नए समझौते पर बातचीत मुश्किल हो गई है। फिलहाल यह भी साफ नहीं है कि ईरान में फैसले कौन ले रहा है।

ट्रम्प ने एक बार फिर से दावा किया कि ईरान आर्थिक संकट से जूझ रहा है। देश में महंगाई बहुत ज्यादा है। सेना को वेतन देने में भी दिक्कतें आ रही हैं। अमेरिका ने ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों और कंपनियों को चेतावनी दी है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बैसेंट ने कहा कि जो लोग ईरान के साथ कारोबार जारी रखेंगे, उनके खिलाफ अमेरिका कड़े आर्थिक कदम उठा सकता है। दरअसल, अमेरिका ने गुरुवार को ईरान पर नई आर्थिक कार्रवाई का ऐलान किया है। इसका मकसद ईरान की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ाकर उसे परमाणु कार्यक्रम खत्म करने और होर्मुज स्ट्रेट खोलने के लिए




मजबूर करना है।

अमेरिका पहले ही ईरान के तेल, बैंकिंग और ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर कई प्रतिबंध लगा चुका है। अब वह ईरान से जुड़े दूसरे देशों और कंपनियों पर भी दबाव बढ़ाने की तैयारी में है।

चीन ने अमेरिका की उस कोशिश का विरोध किया है, जिसमें दूसरे देशों से ईरान के साथ आर्थिक रिश्ते खत्म करने को कहा जा रहा है। चीन ने कहा कि ईरान पर प्रतिबंध लगाने और दबाव बनाने से मिडिल ईस्ट का संघर्ष खत्म नहीं होगा।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने शुक्रवार को कहा कि इस समस्या का हल बातचीत और कूटनीति से ही निकाला जा सकता है। उन्होंने सभी संबंधित देशों से जिम्मेदारी के साथ कदम उठाने की अपील की। चीन का यह बयान अमेरिका की उस अपील के एक दिन बाद आया है, जिसमें उसने अपने सहयोगी देशों और चीन से ईरान को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने में मदद करने को कहा था। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि अमेरिका जब बातचीत नहीं करना चाहता, तो प्रतिबंध लगाने लगता है। ईरान कई साल से ऐसे प्रतिबंध झेलता आया है और इससे उसकी नीति नहीं बदली है।

■ वर्ष-12 अंक-289 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 22 अगस्त, 2026

## सुभाषितानि

अलसस्य कुतः विद्या अविद्यस्य कुतः धनम्।
अधनस्य कुतः मित्रम् अमित्रस्य कुतः सुखम्।।

**भावार्थ** : आलसी के लिए ज्ञान कहाँ है, अनपढ़ के लिए धन कहाँ है या मूर्ख के लिए कहाँ है, गरीबों के लिए मित्र कहाँ है और अमित्र के लिए सुख कहाँ है।

धर्मस्य दुर्लभो ज्ञाता सम्यक वक्ता ततोऽपि च।
श्रोता ततोऽपि श्रद्धावान् कर्ता कोऽपि ततः सुधीः।।

**भावार्थ** : जो धर्म को जानता है वह बहुत ही विशेष और अद्भुत गुणों से भरा है और जो धर्म को अच्छी तरह से समझाता है वह और भी अद्भुत और गुणों से भरा है और जो धर्म को पूरे मन से सुनता है वह उससे भी दुर्लभ और गुणी है और जो धर्म का अनुयायी है, वह सब से अधिक अद्भुत, दुर्लभ, गुणी और बुद्धिमान है।

## अन्तिमचरणेन च सम्बद्धानि इति प्रबलसंभावना अस्ति

ब्रह्मास्त्र ›› जयपुर

प्रारम्भिक अन्वेषणेन अस्य स्थलस्य पुराणः १,००० तः १५०० वर्षाणां मध्ये अस्ति इति अनुमानितम् अस्ति। अस्य ऐतिहासिकमूलानि ढोलवीरेण सह सिन्धुउपत्यकासभ्यतायाः अन्तिमचरणेन च सम्बद्धानि इति प्रबलसंभावना अस्ति। उन्नतवैज्ञानिकविश्लेषणस्य सज्जता अस्य आविष्कारस्य रहस्यं पूर्णतया विमोचयितुं बृहत्प्रमाणेन वैज्ञानिकविश्लेषणस्य सज्जता अधुना प्रचलति। एतेषां अवशेषाणां कार्बन-कालनिर्धारणं, डीएनए-परीक्षणं, अन्ये च उन्नत-वैज्ञानिक-विश्लेषणं कर्तुं प्रतिष्ठित-राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय-संस्थाभिः सह संयुक्तं शोधं क्रियते-यथा आक्सफोर्ड-विश्वविद्यालयः, डेक्कन-महाविद्यालयः, इस्रो, पीआरएल च।

## सम्पादकीयम्

### शयने शान्तं

शयने शान्तं, डिजिटल-चैट्-मध्ये बोल्ड्! अस्माकं प्रेम्णः मार्गः किमर्थं परिवर्तते? यदा भवन्तः पाठद्वारा स्वभावं वा इच्छां वा प्रकटयन्ति तदा भवतः पूर्णं नियन्त्रणं भवति। भवन्तः पङ्क्तिं लिखन्ति, ततः चिन्तयन्ति यत् न, तत् पर्याप्तं आकर्षकं नास्ति इति। भवन्तः तत् विलोपयन्ति, इमोजी योजयन्ति, शब्दं अन्विष्यन्ति, ततः इति नुदन्ति। नमिता जोशी - ते वदन्ति प्रेम अन्धः, परन्तु आधुनिकः प्रेम न केवलं अन्धः, अपितु अङ्गुष्ठेन चालितः अपि अभवत्। हृदयशरीरविषयान् व्यञ्जयन्तः शब्दाः अधरं प्राप्तुं पूर्वं क्षुब्धाः भवन्ति स्म ते दिवसाः गताः। अद्यत्वे भावानाम् अभिव्यक्तिः वा शारीरिककामना वा सर्वं वाच्यशब्दं बाईपासं कृत्वा अङ्गुष्ठद्वारा प्रत्यक्षतया व्हाट्सएप्प-पर्दे टङ्कितं भवति। आश्चर्यं मा कुरुत; इयं केवलं सिनेमापङ्क्तिः नास्ति-इदं कटुं (अथवा सम्भवतः मधुरं) सत्यं यत् दर्जनशः मनोवैज्ञानिक-समाजशास्त्रीय-अध्ययनैः प्रकाशितं यत् अन्तर्जाल-माध्यमेन उपलभ्यते प्रायः कल्प्यते यत् यदा दम्पतयः समीपस्थाः भवन्ति-शयने एकत्र शयनं कुर्वन्ति-तदा तेषां प्रेम शारीरिकं आकर्षणं च चरमस्थाने स्यात्। तथापि वास्तविकता तस्य विपरीतम् एव। आधुनिकदम्पतयः प्रायः शयने पार्श्वे पार्श्वे शयनं कुर्वन्तः भावनात्मकरूपेण शारीरिकरूपेण च निरुद्धाः अनुभवन्ति, तथापि ते स्वस्य दूरभाषस्य पटलेषु वाक्पटुकविषु, साहसिकासु रोमियोषु च परिणमन्ति शयने परस्परं नेत्रेषु पश्यन्तः ये वस्तूनि वा काल्पनिकाः वा स्वरं दातुं न शक्नुवन्ति, तानि इमोजी, सेक्स्टिंग, वाष्पयुक्तसन्देशैः च साहसेन संप्रेषितानि भवन्ति।

## पञ्जाबस्य आम आदमी पार्टी इत्यस्य महती विफलता अभवत् यतः

# रामपुरा फुल् इत्यस्य अनेके वरिष्ठनेतारः काङ्ग्रेसपक्षे सम्मिलिताः अभवन्

ब्रह्मास्त्र ›› चंडीगढ़



पञ्जाबनगरस्य आम आदमीपक्षस्य (आप) गुरुवासरे महती राजनैतिकविफलता अभवत यदा रामपुराफुलस्य अनेके वरिष्ठनेतारः स्थानीयाधिकारिणः च काङ्ग्रेसपक्षे सम्मिलिताः। काङ्ग्रेसस्य महासचिवः पंजाबप्रभारी च भूपेशबघेलः राज्यकाङ्ग्रेसस्य अध्यक्षः अमरिन्दरसिंहराजा वारिङ्गः च एतेषां नेतारणाम् दलस्य स्वागतं कृतवन्तः। सम्मिलितनेतृभिः आपः पञ्जाब-पञ्जाबी-देशयोः अपेक्षां पूरयितुं असफलः इति आरोपं कृत्वा सर्वकारस्य कार्यप्रदर्शनेन जनानां मध्ये वर्धमानं निराशां जनयति इति च अवदन्।

रामपुरा फुल्-प्रदेशात् काङ्ग्रेस-पक्षे एतेषां नेतारणाम् सम्मिलितः राज्यराजनीत्यां महत्त्वपूर्णः विकासः इति दृश्यते। काङ्ग्रेसनेतारः एतत् आप प्रति वर्धमानस्य आक्रोशस्य चिह्नरूपेण उद्धृतवन्तः। भूपेशबघेलः अवदत् यत् सत्ताधारीपक्षतः काङ्ग्रेसपक्षे अनेके नेतारः सम्मिलिताः पञ्जाबदेशस्य जनाः सर्वकारेण मोहभंगाः भूत्वा अधुना आशापूर्वकं काङ्ग्रेसपक्षं प्रति पश्यन्ति इति संकेतः अस्ति।

बघेलः अवदत् यत् पञ्जाबस्य जनाः एतादृशं सर्वकारं इच्छन्ति यत् राज्यस्य पंजाबीनां च हितं प्राथमिकताम् अददात्। सः दावान् अकरोत् यत् आम आदमीपक्षे जनसन्तुष्टिः वर्धमाना अस्ति, भविष्ये अपि बहवः दलनेतारः काङ्ग्रेसपक्षे सम्मिलितुं शक्नुवन्ति इति। तस्य मते रामपुरा फुल्-नेतृणां काङ्ग्रेस-पक्षे प्रवेशः दलस्य महत्त्वपूर्णं राजनैतिकसमर्थनम् अस्ति, तस्मात् तृणमूलस्तरस्य संगठनं सुदृढं भविष्यति।

राज्यकाङ्ग्रेसस्य अध्यक्षः अमरिन्दरसिंहराजा वारिङ्गः अपि आम आदमीपक्षं लक्ष्यं कृत्वा अवदत् यत् सत्ताधारीदलस्य नेतारः काङ्ग्रेसपक्षे सम्मिलिताः भवन्ति इति राजनैतिकस्थितौ परिवर्तनस्य संकेतः। सः दावान् अकरोत् यत् आम आदमीदलम् अधुना सत्तानिष्कासनं प्रति गच्छति, काङ्ग्रेसपक्षः राज्ये स्वराजनैतिकस्थानं सुदृढं करोति। वारिङ्ग इत्यनेन नूतनसदस्यानां स्वागतं कृतम् यत् तेषां आगमनेन दलसङ्गठनं सुदृढं भविष्यति, श्रमिकाणां मनोबलं च वर्धते इति। काङ्ग्रेसपक्षे सम्मिलितानाम् प्रमुखनेतृषु मञ्जीतसिंहसिद्धुः अपि अन्यतमः अस्ति। सिद्धुः २०१७ तमस्य वर्षस्य निर्वाचनं रामपुरा फुल् विधानसभा निर्वाचनक्षेत्रात् आम आदमी पार्टी प्रत्याशीरूपेण लड़ितवान्। तस्मिन् निर्वाचने सः ३०,००० तः अधिकं मतं प्राप्तवान्। तेषां सह मञ्जीतसिंहः, गोल्डी वर्मा, निनी बंसलः, सुरेशबहिया, अन्ये च कतिपये स्थानीयनेतारः अपि काङ्ग्रेस-सङ्घस्य सदस्याः अभवन्। गोल्डी वर्मा रामपुरा फुल् इत्यस्य नगराध्यक्षत्वेन कार्यं कृतवान् अस्ति। निनी बंसलः सुरेशबहिया च रामपुरा फुल् नगरपरिषदः पूर्वाध्यक्षौ स्तः। नगरपार्षदः सतीशकुमारस्य अतिरिक्तं नीरज चौधरी, नीरजसिंगला, रामनिन्दरसिंह, लड्डी संधु, मनप्रीत भुल्लर इत्यादयः अपि काङ्ग्रेसपक्षे सम्मिलिताः। एते नेतारः रामपुरा फुल क्षेत्रे दलस्य स्थानीयसङ्गठनं सुदृढं करिष्यन्ति इति अपेक्षा अस्ति।

काङ्ग्रेसनेतारः अवदन् यत् सम्मिलितनेतृणां अनुभवात् दलस्य लाभः भविष्यति। विशेषतः स्थानीयनिकायस्य निर्वाचनक्षेत्रस्य च राजनीतिषु सक्रियनेतृणां काङ्ग्रेसपक्षे प्रवेशः तृणमूलस्तरस्य दलस्य व्याप्तिम् वर्धयितुं शक्नोति।

## गल्ले टेस्ट्-विजयानन्तरं

# शुबमैन् गिल् इत्यस्य इशारा प्रशंसकानां कृते स्मरणीयः अभवत्

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

श्रीलङ्काविरुद्धं गल्ले टेस्ट्-क्रीडायां भारतीयदलस्य प्रभावशालिनः विजयस्य अनन्तरं मैदानात् बहिः कप्तानस्य शुबमनगिल् इत्यस्य लघु-इशारस्य सामाजिक-माध्यमेषु चर्चायाः विषयः अभवत् यदा भारतीयदलं विजयानन्तरं दलबसतः निर्गच्छति स्म तदा मार्गपार्श्वे स्थिताः केचन महिलाप्रशंसकाः गिल अवलोकितवन्तः। भारतीयकप्तानं दृष्ट्वा प्रशंसकाः जयजयकारं कृतवन्तः, गिल् च प्रतिहर्षितवान्। व्यजनानां आनन्दस्य सीमां न जानाति स्म।

वायरल्-वीडियो-मध्ये प्रशंसकाः उत्साहेन दलस्य बसं प्रति पश्यन्तः श्रूयन्ते। गिल् इत्यस्य तरङ्गस्य अनन्तरं एकः व्यजनः सः अस्मान् तरङ्गितवान् इति सुखेन उद्घोषयन् श्रूयते। भारतीयकप्तानस्य दर्शनार्थं ये प्रशंसकाः आसन् तेषां कृते एषः संक्षिप्तः क्षणः विशेषः अभवत्। भिडियो प्रकाशितस्य अनन्तरं सामाजिकमाध्यमेषु अस्य लघुप्रशंसकक्षणस्य प्रतिक्रियाः प्रवहितुं आरब्धाः। ननु शुबमैन् गिल् इत्यस्य लोकप्रियता विगतकेषु वर्षेषु निरन्तरं वर्धिता अस्ति। भारतीयपरीक्षादलस्य कप्तानत्वेन सह तस्य मैदानस्य प्रदर्शनेन सः क्रिकेट्-क्रीडायाः युवानां नेतारः नूतना पीढीरूपेण स्थापितः। अत एव दलस्य होटेले, क्रीडाङ्गणे, तस्य यात्रायाः समये च प्रशंसकानां समूहाः निरन्तरं समागच्छन्ति। गल्ले-नगरस्य एषा लघुघटना अस्याः वर्धमानस्य लोकप्रियतायाः आलोकरूपेण दृश्यते। परन्तु तस्मिन् दिने गिल् इत्यस्य बृहत्तमा उपलब्धिः भारतीयदलस्य क्षेत्रे विजयः आसीत्। गले-नगरे प्रथमे टेस्ट्-क्रीडायां भारतेन श्रीलङ्का-देशं १६५ रनेन पराजयित्वा द्वि-क्रीडा-श्रृङ्खलायां १-० अग्रतां प्राप्तवान्। भारतीयक्रिकेट्-क्रीडायाः कृते अपि एषः मेलः विशेषः आसीत यतोहि कठिनपरिस्थितौ, मौसमप्रभावितेषु मेलनेषु च दलं स्वस्य संयमं धारयति स्म, निर्णायकक्षणेषु च तेजस्वी प्रदर्शनं करोति स्म।

## राशिफल

**मेष** : छोटी-छोटी गलतियों से शांति और खुशी के साथ आप सीख सकते हैं। कोई आसान शांत करने वाली एक्टिविटी करें।

**वृषभ** : आप अपने प्लान ठीक से मैनेज कर सकते हैं। छोटी-मोटी प्रॉब्लम ठीक कर सकते हैं और शांत महसूस कर सकते हैं।

**मिथुन** : बोल्ड लेकिन विनम्र रहने की कोशिश करें। दूसरों को क्लियर प्लान पसंद आ सकते हैं।

**कर्क** : छोटी लिस्ट बनाएं और एक बार में एक प्लान को फॉलो करें। दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा।

**सिंह** : वीकेंड तक आप प्रोग्रेस देखेंगे और दोस्तों और ऑफिस में अपने समय का आनंद लेंगे।

**कन्या** : आज दयालु, फ्लेक्सिबल और प्रैक्टिकल रहें। आज के दिन अपनी लव लाइफ में भी कूल बिहेवीयर बनाए रखें।

**तुला** : आज के दिन पैसे को ध्यान से हैंडल करें। कुछ लोगों को आज हेल्थ प्रॉब्लम हो सकती है।

**वृश्चिक** : आज के दिन फाइनेंशियल सक्सेस दिन की एक और खास बात है। आप बड़ी हेल्थ प्रॉब्लम से भी फ्री रहने वाले हैं।

**धनु** : ये दिन आपके लिए कुछ ऐसे पल लाएगा, जहां क्रिएटिविटी, दोस्ताना सपोर्ट और क्लियर चॉइस पर फोकस करें।

**मकर** : आप मेंटली एक्टिव और उम्मीद से भरा महसूस कर सकते हैं। आपकी सेहत भी अच्छी रहेगी।

**कुंभ** : अपनी सोच और आराम में बैलेंस बनाएं। रिश्तों में धैर्य बनाए रखना जरूरी होगा। सेहत सामान्य रहेगी।

**मीन** : आज अच्छे पल शेयर करें। आज के दिन अपनी लव लाइफ में सभी मौजूदा दिक्कतों को सुलझाएं।

## ज्योतिष/वास्तु

# बुध के नक्षत्र में शनि का गोचर, तुला सहित इन राशि वालों के शुरू होंगे अच्छे दिन

20 अगस्त 2026 को शनि ने रेवती नक्षत्र में प्रवेश किया है। यह समय करियर, रिश्तों और आत्मविकास के क्षेत्र में नए अवसर लेकर आ सकता है। साथ ही कोई नया निवेश भी लकी साबित हो सकता है।

20 अगस्त 2026 को शनि ने रेवती नक्षत्र में प्रवेश किया है। रेवती नक्षत्र के स्वामी बुध ग्रह हैं, इसलिए शनि का यह नक्षत्र परिवर्तन विशेष महत्व रखता है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, शनि का बुध के नक्षत्र में प्रवेश कुछ राशियों के लिए लाभकारी साबित हो सकता है। इसका शुभ प्रभाव करियर, कारोबार और जीवन के अन्य क्षेत्रों में प्रगति के रूप में देखने को मिल सकता है। वहीं, इस दौरान कुछ जातकों को अपनी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने, लंबे समय से अटके कामों में गति आने और करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर प्राप्त होने के योग भी बन सकते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि शनि का रेवती नक्षत्र में प्रवेश किन राशियों के लिए लकी साबित हो सकता है।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के



लिए समय खास और लाभकारी रह सकता है। इस राशि के विद्यार्थियों को शिक्षा से जुड़े कई अच्छे अवसर आपको मिल सकते हैं। नए संपर्कों से लाभ मिलने की संभावना रहेगी। किस्मत आपका पूरा साथ दे सकती है और नौकरी से जुड़े नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। कारोबार करने वाले जातकों के लिए नए कॉन्ट्रैक्ट लाभदायक साबित होंगे। आपकी कमाई इस अवधि में काफी अच्छी होगी। इस गोचर के दौरान आप अपने जीवन को खुलकर जीएंगे।

**तुला राशि-** तुला राशि वालों का भाग्योदय हो सकता है। आने वाला समय आपके लिए नई जिम्मेदारियां और प्रगति के अवसर लेकर आ सकता है। समाज में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। किसी लंबे समय से अटके काम के पूरे होने से भी मन प्रसन्न रहेगा। नए लोगों से मुलाकात आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकती है। आपके वैवाहिक रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। नौकरीपेशा जातकों को भी कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने और अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर मिल सकता है।

**मकर राशि -** मकर राशि वालों को नए व्यापार या काम से जुड़े अवसर प्राप्त हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने की संभावना रहेगी। इस समय आपके सभी प्रयासों का अच्छा फल मिलने की संभावना रहेगी। कारोबार में कोई अच्छी डील मिलने के योग बन सकते हैं, जिससे आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सकती है। अधिकारी वर्ग के लोग आपके कामकाज से बेहद ही खुश रहेंगे। आपकी मेहनत व प्रतिभा की सराहना भी हो सकती है। आपके वैवाहिक रिश्तों में भी मधुरता बढ़ेगी।

## विमेंस एशिया कप 28 अगस्त से दुबई में; भारत-पाकिस्तान एक ग्रुप में, 5 सितंबर को मुकाबला

# क्या अब मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेगी टीम इंडिया

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

विमेंस एशिया कप 28 अगस्त से दुबई में खेला जाएगा। भारतीय टीम अगर फाइनल जीतती है, तो खिताब के बाद होने वाली ट्रॉफी सेरेमनी पर सबकी नजर रहेगी। दरअसल, एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष पाकिस्तान के मोहसिन नकवी हैं और उनके हाथों ट्रॉफी लेने को लेकर पिछले साल पुरुष एशिया कप में विवाद हो चुका है। ऐसे में भारत के फाइनल में पहुंचने पर एक बार फिर प्रेजेंटेशन सेरेमनी को लेकर असहज स्थिति बन सकती है।

भारत और पाकिस्तान इस बार एक ही ग्रुप में हैं और दोनों के बीच 5 सितंबर को लीग मैच खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल 13 सितंबर को होगा।

सितंबर 2025 में मेंस एशिया कप जीतने के बाद भारतीय टीम ने मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। यह फैसला पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बने तनाव के बीच लिया गया था। इसके बाद नकवी ट्रॉफी अपने साथ ले गए थे। भारतीय टीम ने बिना ट्रॉफी के ही जीत का जश्न मनाया था। ट्रॉफी अब तक चैंपियन टीम को नहीं सौंपी गई है।



नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख होने के साथ पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं। विमेंस एशिया कप में अगर भारत फाइनल जीतता है, तो ट्रॉफी किसके हाथों से सौंपी जाएगी, इसे लेकर बीसीसीआई ने अभी अपना रुख साफ नहीं किया है। बोर्ड का रुख यह है कि भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ी आपस में हाथ नहीं मिलाएंगे। पिछले साल जैसी स्थिति से बचने के लिए एक विकल्प यह हो सकता है कि नकवी खुद ट्रॉफी नहीं दें और आईसीसी का कोई दूसरा अधिकारी भारतीय टीम को ट्रॉफी सौंपे।



### आईसीसी बैठक में भी उठा था ट्रॉफी का मुद्दा

भारत-पाकिस्तान के बीच ट्रॉफी विवाद पर आखिरी बार आईसीसी की बोर्ड मीटिंग में बातचीत हुई थी। यह बैठक 4 से 7 नवंबर तक हुई थी। इसके बाद 8 नवंबर को बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने बताया था कि उन्होंने आईसीसी की औपचारिक और अनौपचारिक दोनों बैठकों में हिस्सा लिया था। सैकिया के मुताबिक, औपचारिक बैठक में ट्रॉफी का मुद्दा एजेंडे में नहीं था। हालांकि आईसीसी ने उनकी और पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी की अलग बैठक कराई। इसमें आईसीसी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी और एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। सैकिया ने कहा था कि इस मामले पर बातचीत शुरू होना अच्छी बात है और दोनों पक्ष समाधान निकालने के लिए अपने-अपने विकल्प रखेंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि अब दोनों पक्षों के बीच बातचीत का रास्ता खुला है और इस मुद्दे को आपसी सहमति से सुलझाने के लिए विकल्पों पर विचार किया जाएगा। हालांकि, उस बातचीत के बाद भी ट्रॉफी भारतीय टीम को नहीं मिली है।

### 8 टीमें हिस्सा ले रहीं, 13 सितंबर को फाइनल

यह विमेंस एशिया कप का 10वां एडिशन होगा, जो टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में भारत और पाकिस्तान के साथ थाईलैंड, हांगकांग-चीन को रखा गया है। ग्रुप बी में श्रीलंका, बांग्लादेश, यूएई और इंडोनेशिया शामिल हैं। ग्रुप स्टेज के बाद दोनों ग्रुप से टॉप दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 13 सितंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होंगे।

## बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास की जन्मतिथि पर विवाद

ब्रह्मास्त्र ›› जम्मू-कश्मीर

बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास की जन्मतिथि को लेकर विवाद सामने आया है। जम्मू की स्पेशल रेलवे मजिस्ट्रेट कोर्ट ने उनकी जन्मतिथि में कथित हेरफेर के आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने नवाबाद पुलिस को मामले की जांच कर 3 सितंबर 2026 या उससे पहले रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

मिथुन मन्हास जम्मू-कश्मीर से बीसीसीआई अध्यक्ष बनने वाले पहले व्यक्ति हैं। उन्हें सितंबर 2025 में इस पद के लिए चुना गया था। पूर्व भारतीय फर्स्ट-क्लास क्रिकेटर मन्हास ने अपने क्रिकेट करियर में जम्मू-कश्मीर और दिल्ली को रिप्रेजेंट किया है। मामला पूर्व डिप्टी एसपी और जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व संयुक्त मानद सचिव सुदर्शन मेहता की शिकायत के बाद सामने आया। मेहता का आरोप है कि मन्हास ने जूनियर क्रिकेट में राष्ट्रीय स्तर पर खेलने की पात्रता का फायदा लेने के लिए अलग-अलग जगहों पर अलग जन्मतिथि दर्ज कराई। मेहता ने इसी आधार पर धोखाधड़ी, चीटिंग और जालसाजी से जुड़े मामलों में एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। हालांकि कोर्ट ने अभी एफआईआर का आदेश नहीं दिया है।

# भारतीय महिला टीम हॉकी वर्ल्डकप के टॉप-8 में पहुंची

## इंग्लैंड के खिलाफ ड्रॉ खेला, दोनों टीमों को 18 पेनल्टी कॉर्नर मिले, गोल नहीं



ब्रह्मास्त्र ›› एम्स्टेलवीन

भारतीय महिला हॉकी टीम ने विमेंस हॉकी वर्ल्ड कप के टॉप-8 यानी दूसरे राउंड में जगह बना ली है। एम्स्टेलवीन में खेले गए पूल-ऊ के आखिरी मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को 0-0 से ड्रॉ पर रोक दिया। भारत को अगले राउंड में पहुंचने के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी। वहीं इंग्लैंड के लिए जीत जरूरी थी।

मैच के आखिरी क्षणों में इंग्लैंड ने अपनी गोलकीपर मिरियम प्रिचर्ड को बाहर बुलाकर एक अतिरिक्त आउटफील्ड खिलाड़ी उतार दिया। इसके बाद इंग्लैंड ने 11 आउटफील्ड खिलाड़ियों के साथ भारतीय सर्कल पर लगातार हमले किए, लेकिन भारतीय डिफेंस नहीं टूटा।

भारत ने मैच की शुरूआत आक्रामक अंदाज में की। पहले क्वार्टर में टीम को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले। चौथे मिनट में नवनीत कौर के शॉट से गेंद गोल में पहुंची, लेकिन रास्ते में इशिका के शरीर से टकराने के कारण गोल को मान्यता नहीं मिली। भारत को पहले क्वार्टर में तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन टीम एक को भी गोल में नहीं बदल सकी। इशिका के पास फील्ड गोल का मौका भी आया, लेकिन इंग्लैंड की गोलकीपर प्रिचर्ड ने शानदार बचाव किया। दूसरे क्वार्टर में भी भारत ने हमले जारी रखे।

## खबर एक नजर...

### खंबे लगाने पर विवाद 2 परिवार के 11 लोग घायल

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम पालखंदा में एक ही परिवार से जुड़े रोहित पिता दिनेश नरवरिया 27 साल और लोकेश पिता शंकरलाल नरवरिया 29 साल के मकान पास-पास बने है, दोनों के घरों का रास्ता भी एक है। दोनों के परिवार में रास्ते में खंबे गाड़कर चद्दर लगाने की बात पर विवाद हो गया। दोनों के बीच शुरू हुई गाली-गलौच परिवार के आने पर मारपीट में बदल गई। दोनों ओर से पाइप-डंडे और लात-घूंसे चले। रोहित की ओर से परिवार के छह लोग घायल हो गये। वहीं लोकेश के परिवार से पांच लोगों को चोंट आई। विवाद की खबर मिलते ही नरवर पुलिस पालखंदा पहुंच गई थी। विवाद शांत कराया गया और दोनों पक्षों को थाने लेकर आई। जहां दोनों परिवारों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण कराया गया। घायलों के स्वस्थ्य होने पर मामले में गिरफ्तारी कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

### बाइक में तोड़फोड़ कर दी जान से मारने की धमकी

**उज्जैन।** आगररोड स्थित ग्राम कमेड़ में रहने वाला राहुल पिता आत्माराम चौहान 37 साल रात में घर के बाहर खड़ा था। उसी दौरान क्षेत्र का रहने वाला विजय नामक युवक आया और शराब पीने के लिये रूपयों की मांग करने लगा। राहुल ने उसने रुपए देने से मना किया और आगे जाने की बात कहीं तो विजय ने मारपीट शुरू कर दी और घर के बाहर खड़ी बाइक में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी देने लगा। परिवार के लोग बाहर आये तो विजय भाग निकला। चिमनगंज थाना पुलिस ने राहुल की शिकायत पर विजय के खिलाफ अवैध वसूली और तोड़फोड़ का मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि विजय अपराधिक प्रवृति का है, जिसके खिलाफ पूर्व में भी प्रकरण दर्ज है। मारपीट का दूसरा मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के कनीपुरा मार्ग पर पियुष पिता गंगाराम प्राजापति निवासी तिरूपतिधाम कालोनी और उसके साथी लोकेन्द्रसिंह पित कालू ठाकुर निवासी पदमावती कालोनी के साथ हुआ। दोनों से गणेश तिवारी नामक बदमाश ने रंगदारी की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। उक्त मामले में पुलिस प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

### मक्सीरोड पर रात 1 बजे आयशर-कार की भिड़ंत

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र मक्सीरोड स्थित पाटपाला में रात 1 बजे के लगभग कार और आयशर वाहन की भिड़ंत हो गई। गनीमत रही कि बड़ी दुर्घटना नहीं हुई लेकिन कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार में प्रीतम पिता नारायणसिंह चौहान निवासी आर्दशनगर नागदा परिवार के साथ सवार था। सूचना मिलने पर पुलिस दुर्घटनास्थल पहुंची। बताया जा रहा है कि आयशर वाहन दीपक सोनालिया चला रहा था। पुलिस ने आयशर जप्त कर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया।

### युवक को कुचलने वाली बस देवासरोड से पकड़ाई

**उज्जैन।** कार्तिक मेला ग्राउंड पार्किंग में गुरूवार-शुक्रवार रात 11.30 बजे खुले मैदान में एक युवक सोया हुआ था। पार्किंग में खड़ी सोनू ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 41 पी 8988 को चालक ने निकालने के लिये रिवर्स लिया। बस का पहिया मैदान में सो रहे युवक पर चढ़ गया। घटनाक्रम के बाद चालक बस लेकर भाग निकला। घायल को तड़फता देख कुछ लोगों ने एम्बुलेंस को सूचना दी और उसे अस्पताल पहुंचाया। मामले की खबर मिलते ही महाकाल थाना पुलिस कार्तिक मेला ग्राउंड पहुंची। बस नम्बर सामने आते ही उसे पकड़ने के लिये वायरलेस सेट पर प्रसारण किया गया। बस देवासरोड तक पहुंच चुकी थी, जहां चैकिंग पाइंट पर खड़ी पुलिस ने बस को रोक लिया। लेकिन चालक भाग निकला था। पुलिस ने क्लीनर को हिरासत में लेकर बस को जप्त किया है। एएसआई श्रवण कुमार ने बताया कि घायल का नाम पारस बघेल निवासी मुरैना सामने अया है। जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उसके परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। बस यात्रियों को लेकर देवदर्शन पर आना सामने आई है। मामले में पार्किंग में काम करने वाले फिरोज खान निवासी जूना सोमवारिया की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

### ट्राले से पोल क्षतिग्रस्त 13 क्षेत्र में बिजली प्रभावित

**उज्जैन।** महिदपुर बस स्टेंड चौराहा के पास तेजगति से दौड़ते ट्राले ने बिजली का पोल क्षतिग्रस्त कर दिया। पोल पर लगे बिजली के तार टूटकर गिर गये। गनीमत रही कि हादसे के समय तारों की चपेट में कोई नहीं आया। लेकिन 11 केवी लाइन के तार टूटने से गंगाबाडी और नारायणा रोड फीडर से जुड़े 13 ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली प्रभावित हो गई। बिजली कर्मचारियों ने करीब 2 घंटे में बिजली व्यवस्था को सुचारू किया। मामले में बिजली विभाग के कनिष्ठ यंत्री अजय राही ने ट्राला चालक के खिलाफ बिजली विभाग का क्षति पहुंचाने की शिकायत आवेदन के माध्यम से की है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 234-9 | 135-9 |
| मेन बाजार | 129-2 | 389-0 |
| मिलन डे | 116-8 | 223-7 |
| मिलन नाइट | 379-9 | 678-1 |

5 8 0

---

फुटकर में शकर के दाम उछाल के साथ रू. 75 पार हुए, बाजार में चीनी के दामों में अधिक गर्मी राखी तक बने रहने के आसार

# उज्जैन का व्यापारी 3 दिन 2 रात में करोड़पति हुआ!

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शकर के दामों में आग लग गई है। अब शकर ने आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है। इसके दाम में आए उछाल से शहर के एक व्यापारी के 3 दिन और 2 रात में ही करोड़ पति होने की बाजार में खासी चर्चा है। व्यापारी ने इन दिनों में 5 गाड़ी से अधिक माल पुराने दर से नई दर पर निकाला है जिसके मुनाफे से उसे करोड़ों रूपए का लाभ हुआ है।

दौलतगंज बाजार की चर्चाओं के अनुसार व्यापारी के पास पूर्व से ही 3 से अधिक ट्रक शकर का स्टाक था दाम वृद्धि के साथ जैसे-जैसे भाव बढ़ते गए वह मांग के अनुसार बाजार में उपलब्ध करवाता गया। इसके साथ ही पूर्व से ही व्यापारी ने शकर मिल को पुरानी दर के मान से ऑर्डर बुक करवाया हुआ था। बाजार में बराबर शकर के दाम में उछाल के चलते मिल से पुरानी दर पर बुक माल मिलने पर व्यापारी 3 दिन और 2 रात में ही मालामाल हो गया है।



### बाजार में शकर 75 की दर पार

शुक्रवार शाम को बाजार में शकर ने निरंतर उछाल के साथ एक और उछाल लगाई है। बाजार खुलने के साथ ही खुदरा बाजार में शकर की उपलब्धता की स्थिति 75 रूपए प्रति किलो तक व्यापारियों ने बताई थी। शाम को इस दर में 2-5 रूपए तक का उछाल सामने आने लगा था। नाम न छापने की शर्त पर व्यापारियों का कहना था कि राखी तक शकर के दामों में आग लगी रहेगी। इसके तहत प्रति किलो दाम एक सौ रूपए पार जा सकता है। उसके बाद फारेन का माल अगर समय पर उतर गया तो ठीक है अन्यथा शकर गरीब के घर की रसोई में बस देखी जाएगी। अभी जो गरीब 5 किलो शकर लाकर अपना मासिक गुजारा करता है वह एक आध किलो लाकर ही काम चलाएगा। नाम न छापने की शर्त पर ही व्यापारी विश्लेषकों का कहना है कि असल में गन्ने का उपयोग इथेनाल में होने से एक बहुत बड़े उत्पादन का उपयोग उधर किया गया जिससे मिलों को शकर के लिए गन्ना मिलना मुश्किल हुआ। इस समस्या के निदान के लिए विदेशों से शकर का आयात किया जा रहा है लेकिन उसमें भी समय लगना तय है। यह भी बताया जा रहा है कि सरकार ने मीलों से शक्कर उठाने की अवधि 15 दिन की बजाय अब सात दिन कर दी है। इसका असर भी बाजार पर दिख रहा है। त्यौहारी मांग भी बराबर बढ़ रही है जिसका असर भी बाजार पर दिख रहा है और शक्कर की कीमतों में अनावश्यक तेजी रोकने के लिए जमाखोरी, कालाबाजारी और कृत्रिम कमी पैदा करने वालों पर भी प्रभावी निगरानी भी नहीं है। मुख्य वजह कम बारिश होना, गन्ने का उत्पादन कम और आयात में भी कमी देखी जा रही है। इसके अलावा केंद्र सरकार की ओर से कीमतों में कंट्रोल नहीं किया जा रहा।

### गरीब की जेब एवं कीचन दोनों पर मार

अचानक शक्कर के दाम में बढ़ोतरी करके सरकार ने आम आदमी की कमर ही तोड़ दी है। पेट्रोल के दाम अभी कुछ दिन पहले ही बढ़ाए थे कि फिर ये दूसरा प्रहार रसोई पर कर दिया। मध्यम वर्गीय परिवार का बजट बहुत प्रभावित होगा सरकार हरदम इस समस्या से उदासीन रहती है कि महंगाई तो सुरसा के मुंह की तरह बढ़ा देती है पर लोगों की पेमेंट तो वहीं की वहीं रहती है, सरकारी हो या प्राइवेट नौकरी सभी की पेमेंट भी बढ़ना चाहिए। शक्कर के भाव बढ़ने से चाय समेत सभी के दाम बढ़ गए।

---

अवैध शराब परोसने और परिवहन करने वालों की धरपकड़ के लिये

## होटल-ढाबों पर आबकारी टीम की दबिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अवैध शराब परोसने और परिवहन करने वालों की धरपकड़ के लिये आबकारी विभाग ने एक बार फिर मैदान संभाला और होटल-ढाबों पर दबिश दी। 17 आरोपियों को हिरासत में लेकर शराब के साथ एक वाहन जप्त किया।

आबकारी नियंत्रण कक्ष अधिकारी मुकेश रंदा ने बताया कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में होटल-ढाबों पर अवैध शराब को लेकर विभाग की टीमों ने दबिश मारी। नगर निगम सीमा के कालभैरव मंदिर क्षेत्र के साथ संगम ढाबा, अन्नू का ढाबा, माली ढाबा, युवराज ढाबा, अग्रवाल ढाबा,




जियाजी ढाबा, आपका अपना मां कालिका ढाबा, ग्राम ओरडी, आक्यालिंबा, खेडावदा, उदयपुरा, जंजाखेड़ी, टूटियाखेड़ी में चैकिंग की गई। ढाबों पर अवैध तरीके से मदिरापान कराने वाले संचालकों के विरूद्ध धारा 36 में कार्रवाई की गई। ढाबों-होटलों पर चैकिंग के साथ ही उज्जैन में आने वाले मार्गो पर वाहनों को भी चैक किया गया। कार्रवाई के दौरान 17 आरोपियों को पकड़ा गया और 19 लीटर शराब के साथ एक वाहन जप्त किया गया। नियंत्रण कक्ष अधिकारी रंदा के अनुसार विभाग की टीम समय-समय पर लगातार कार्रवाई कर रही है। आगामी दिनों में भी टीम का अभियान जारी रहेगा।

## मादक पदार्थ गांजे के साथ हिरासत में तीन आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मादक पदार्थ पर अंकुश लगाने के लिये जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। 3 आरोपियों को हिरासत में लेकर बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। जिनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई जारी है। तीनों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा।

बताया जा रहा है कि चिमनगंज थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर 3 लोगों को हिरासत में लिया है। जिसमें 2 उडीसा के रहने वाले बताये जा रहे है। जो मादक पदार्थ गांजे की डिलेवरी देने के लिये उज्जैन आये थे। पुलिस ने तीनों को घेराबंदी में पकड़ने के बाद 50 किलो के लगभग गांजा बरामद किया है। तीनों से देर रात तक पूछताछ जारी थी, जिनके खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण भी दर्ज किया जा रहा है। आज मामले का खुलासा कर आरोपियों को रिमांड पर लिया जायेगा। पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि इतनी मात्रा में गांजा किये देने आये थे। पूर्व में भी तस्कर उज्जैन आये है? पुलिस उनसे जुड़े अवैध कारोबारियों की जानकारी भी जुटा रही है।

## पोर्च में रखी बाइक चुराई, सूने मकान का तोड़ा ताला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चोरों की रात में गश्त जारी है, चिमनगंज क्षेत्र निशाने पर दिखाई दे रहा है। शुक्रवार सुबह गिरीराज रत्न कालोनी में एक मकान के पोर्च से बाइक चोरी होना सामने आया तो दूसरे मकान के ताले टूटे मिले। पुलिस कैमरे देखकर बदमाशों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र की गिरीराज रत्न कालोनी में रहने वाले बैंककर्मी सुनील पिता रमेशचंद्र सोलंकी ने अपनी बाइक पोर्च में खड़ी की थी, पोर्च गेट पर ताला लगा था। तबीयत खराब होने पर वह दवा लेकर सो गये थे। सुबह जागने पर पता चला कि पोर्च का ताला टूटा है और बाइक गायब है। आसपास देखने पर सामने आया कि बदमाश बाइक चुराकर पीछे के रास्ते से लेकर गये है। जहां नाले पर लकड़ी का पटिया रखा हुआ है। आशंका जताई कि बाइक उसी पटिये के सहारे नाला पार कराई गई है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। बाइक चोरी की खबर कालोनी में फैली तो सी सेक्टर में रहने वाले परिवार के सूने मकान का ताला भी टूटा होना सामने आया। मकान में रहने वाले परिवार के पड़ोसी ने पुलिस और परिवार को सूचना दी। बताया जा रहा है कि घर में नगद रुपए रखे थे। परिवार के लौटने पर चोरी गये सामान का पता चल पायेगा। विदित हो कि चिमनगंज थाना क्षेत्र में 15 से 18 अगस्त के बीच भी तीन चोरी की वारदात होना सामने आया था। बदमाशों ने तिरूपति गोल्ड कालोनी में 2 मकानों के साथ आगररोड स्थित एक कालोनी में मकान का ताला तोड़ा था।

## कावड़ यात्रियों पर मधुमक्खियों ने किया हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कावड़ यात्रा लेकर आ रहे यात्रियों पर शुक्रवार दोपहर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। 7 से 8 लोग घायल हो गये। तीनों को उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि ग्राम कंथारिया के 200 से अधिक लोग गंभीर नदी का जल कावड़ में भरकर यात्रा पर निकले थे, कावड़ यात्रा बाबा महाकाल के मंदिर आनी थी। लेकिन अम्बोदिया-नईखेड़ी के बीच अचानक मधुमक्खियों का एक झुंड उड़ता हुआ आया और कावड़ यात्रियों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों को देख यात्रा में अफरा-तफरी मच गई। 7 से 8 लोग घायल हो गये, जिसमें से कंथारखेड़ी के रहने वाले जीवन पिता बालाराम चौधरी 40 साल, सुनील पिता रामसिंह केवट 28 साल और काजल पिता सुनील केवट 6 वर्ष को उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। कुछ घायल आसपास के अस्पताल तक पहुंचे थे। चरक अस्पताल लाये गये, तीनों घायलों का उपचार आब्जर्वेशन वार्ड में किया गया। डॉक्टरों ने हालत खतरे से बाहर होना बताई।

---

उपहार में मांगना होगा बुराई छोड़ने का वचन

## केन्द्रीय जेल में 6 घंटे मनाया जायेगा रक्षाबंधन का पर्व

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में 28 अगस्त को 6 घंटे मनाया जायेगा। इस दौरान बंदियों से उनकी बहनों की मुलाकात कराई जायेगी। जेल प्रशासन की ओर से बहनों के लिये निर्देश जारी किये है। जिसका पालन करना होगा।

केन्द्रीय जेल अधीक्षक मनोज कुमार साहू ने बताया कि रक्षाबंधन पर जेल बंदी भी पर्व मना सकेगें। इसको लेकर बहनों के लिये विशेष व्यवस्था की जा रही हे। रक्षाबंधन पर शासकीय अवकाश रहेगा, बावजूद इसके वर्षो से जारी भाई-बहनों की मुलाकात को लेकर 6 घंटे का समय तय किया गया है। बहनें अपने बंदी भाईयों को प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्षासूत्र बांध सकेगी। जेल प्रशासन की ओर से भाई-बहनों की मुलाकात के लिये निर्देश जारी किये गये है। जिसमें बहनों को केवल मुलाकात के लिये 15 मिनट का समय दिया जायेगा। बहनों के साथ 3 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को प्रवेश की अनुमति नहीं रहेगी। बहनों को मुलाकात पंजीयन के लिये फोटोयुक्त परिचय पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति लाना होगी। एक बंदी से एक बार ही मुलाकात कराई जायेगी, सभी बहने एक साथ आये। जेल अधीक्षक ने बहनों से अपील की है कि पर्व की गरिमा को बनाये रखने के लिये निर्देशों का पालन करें। बंदी भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उपहार के रूप में बुराई त्यागने का वचन मांगे और अच्छे नागरिक बनने की बात कहें।

**जेल प्रशासन उपलब्ध करायेगा सामग्री-** जेल अधीक्षक ने बताया कि बंदी भाईयों से मुलाकाल के लिये आने वाली बहनों को जेल प्रशासन की ओर से स्टील की थाली, राखी, कुमकुम, चावल, फूटा हुआ नारियल, 250 ग्राम मिठाई, एक फल जेल की केंटिन से उपलब्ध कराया जायेगा। मुलाकात से पहले महिला स्टॉफ को तलाशी देना अनिवार्य होगा। जेल प्रांगण में झोला, बेग, पर्स, केरीबेग, नगर राशि, मोबाइल, बाहर से निर्मित खाद्य सामग्री के साथ नशीली वस्तु पर प्रतिबंध रहेगा।

सप्ताह में प्रति शुक्रवार, शनिवार व रविवार को चलेगी

## आज से पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




पश्चिम रेलवे 22 अगस्त शनिवार से एक बार फिर ट्रेन से प्रकृति के नजारे दिखाने की शुरूआत करने जा रहा है। अब पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन सप्ताह में प्रति शुक्रवार, शनिवार व रविवार को चलाई जाएगी। इसकी शुरूआत शनिवार से की जा रही है। इस हेरिटेज ट्रेन में आने-जाने के लिए अलग-अलग टिकट लेना होगा। इस ट्रेन के एक दिशा के लिए एसी चेयर कार का किराया रु 270/- एवं नॉन एसी चेयर कार का किराया रू 20/- प्रति टिकट प्रति व्यक्ति रहेगा।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार ट्रेन संख्या 52965 पातालपानी - कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन 11.05 बजे पातालपानी से चलकर 13.05 बजे कालाकुंड पहुँचेगी तथा वापसी में ट्रेन संख्या 52966 कालाकुंड-पातालपानी हेरिटेज ट्रेन कालाकुंड से 15.34 बजे चलकर 16.30 बजे पातालपानी पहुँचेगी। इस ट्रेन में दो एसी चेयरकार सी1 व सी2 एवं तीन नॉन एसी चेयर कार डी1 , डी2 व डी3 रहेंगे। ट्रेन संख्या 52965/52966 पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन की बुकिंग। सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू है।

**प्रति सप्ताह तीन दिन यात्री देख सकेंगे प्रकृति के नजारे**

---

10 टायर बेचने की फिराक में थे, कैमरों से पारदियों तक पहुंची पुलिस

# चोरी के बाद अपनी गाड़ी में लगा लिये थे 4 टायर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

टायर दुकान का शटर उचकाने के बाद बदमाशों ने लाखों रुपए कीमत के चोरी कर लिये थे। पुलिस ने कैमरों की मदद से बदमाशों तक पहुंची तो पता चला कि चोरी किये चार टायर अपनी गाड़ी में लगा लिये थे। 10 टायर बेचने की फिराक में छुपाकर रखे हैं। पुलिस ने गाड़ी सहित 14 टायर बरामद कर बदमाशों का रिमांड पर लिया है।

बड़नगर थाना प्रभारी कमलेश सिंगार ने बताया कि 10 अगस्त को शांतिलाल पिता बद्रीलाल मोहरी निवासी प्रभुकंज कालोनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रात में उनकी रूनिजा रोड स्थित टायर की दुकान का शटर उचाककर बदमाशों ने लाखों रुपए कीमत के 14 टायर चोरी कर लिये है। मामले में अज्ञात



बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों का पता लगाने के लिये एसआई राजेन्द्रसिंह हाड़ा, प्रधान आरक्षक मांगीलाल मीणा, राहुलसिंह राठौर, हेमराज खरे, बनेसिंह, महेश मोर्य मनोहर मोहरी की टीम गठित की गई और कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये। बदमाश बड़नगर, इंगोरिया से लेकर बदनावर, रतलाम टोल तक फुटेज देखे गये। जिसमें संदिग्ध पिकअप दिखाई दी, जिसके आगे-पीछे नम्बर नहीं थे। बदमाशों का पता लगाने के लिये तकनीकी साक्ष्यों का उपयोग शुरू किया और एक टीम रतलाम रवाना की गई। 11 दिन बाद रतलाम के बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम सिमलावदा से संतोष पिता बरबरिया पारदी 44 साल और अर्जुन पिता भूरालाल पारदी 32 साल को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उनसे टायर चोरी का खुलासा होने पर पिकअप वाहन जप्त किया गया। दोनों को बड़नगर लाकर शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि चोरी के बाद चार टायर अपनी गाड़ी लगा लिये थे। 10 टायर घर में छुपाकर रखे है। जिन्हे बेचने की फिराक में थे। थाना प्रभारी के अनुसार सभी टायर बरामद कर लिये है। बरामद टायर और पिकअप की कीमत 9 लाख रुपए सामने आये है। बदमाशों के पास से 10 हजार नगद भी मिले है।

### ट्रेन में डकैती डालने वाले गिरोह के रिश्तेदार

थाना प्रभारी सिंगार ने बताया कि पारदी गिरोह के दोनों बदमाशों के खिलाफ कई अपराधिक मामले दर्ज है। एक बदमाश संतोष बरबरिया गुना के कुख्यात पारदी मोहरसिंह का रिश्तेदार है। मोहरसिंह ने अगस्त 2016 में चलती सलेम-चैन्नई एगमोर एक्सप्रेस ट्रेन विशेष पार्सन वेन में साथियों के साथ डकैती डालकर 5.78 करोड़ के नोट चोरी किये थे। कोच की छत कटर से काटी गई थी। ट्रेन की विशेष पार्सन वेन में आरबीआई ने सोइल्ड करेंसी के 226 बक्से रखे थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com